


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन


वर्ष 54/ अंक 209/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 28 फरवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in

### सेंसेक्स में करीब 1400 अंकों की गिरावटमुंबई



हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी शुक्रवार (28 फरवरी) को सेंसेक्स में 1400 अंकों (1.86%) से ज्यादा की गिरावट है। ये 73,200 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी भी करीब 450 अंक (1.61%) गिरकर 22,100 के स्तर पर आ गया है।



## पीएम मोदी से मिलीं यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत की दो दिवसीय द्विपक्षीय यात्रा पर आईं यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने शुक्रवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच बातचीत में भारत और यूरोपीय संघ के बीच रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित रहने की उम्मीद है। पीएम मोदी के साथ अपनी मुलाकात से पहले, उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौता दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा समझौता होगा, उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष इस साल तक इसे मजबूत करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह दुनिया खतरों से भरी है। लेकिन मेरा मानना है कि महान शक्ति प्रतिस्पर्धा का यह आधुनिक संस्करण यूरोप और भारत के लिए अपनी साझेदारी की फिर से कल्पना करने का एक अवसर है। गुरुवार को वॉन डेर लेयेन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की. एक्स पर एक पोस्ट में जयशंकर ने कहा, ÷यूरोप के साथ भारत के जुड़ाव को फिर से सक्रिय करने पर उनके विचारों की सराहना करता हूं। इस यात्रा के दौरान भारतीय मंत्रियों और ईयू कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की व्यापक भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि हम गहरे भारत-ईयू संबंधों को कितना महत्व देते हैं।

इससे पहले यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने शुक्रवार को कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा समझौता होगा और दोनों पक्ष इस साल इसे अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं। कुल 27 देशों के इस समूह की शीर्ष नेता ने एक 'थिंक टैंक' को संबोधित करते हुए कहा कि यूरोपीय संघ जापान और दक्षिण कोरिया के साथ अपनी साझेदारी की तर्ज पर भारत के साथ भविष्य में रक्षा समझौते की संभावना तलाश रहा है।

## वीयू के कुलाधिपति व प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने 1029 छात्रों को उपाधि प्रदान की



**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षा समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। विवि के सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यपाल व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मंगू भाई पटेल की गरिमामय उपस्थिति में 1029 छात्रों को उपाधि प्रदान की। साथ ही 12 छात्र स्वर्ण पदक से नवाजे गए। समारोह में पशुपालन मंत्री लखन पटेल विशिष्ट अतिथि रहे। दीक्षा भाषण कुलगुरु डॉ बीएन त्रिपाठी शेरे कश्मीर एग्रीकल्चर साइंस व टेक्नोलाजी विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर मनदीप शर्मा भी मंचासीन थे।

### तीन पीएचडी योग्यता प्रमाण पत्र शामिल

आरंभ सातवें दीक्षा समारोह में शैक्षणिक सत्र 21-22, 22-23 तथा 23-24 के छात्रों को उपाधि प्रदान की गई। जिसमें बीवीएससी के 678, एमबीएससी के 229, पीएचडी 34, बीएफसी के 76, एमएफएससी के 12, 12 स्वर्ण पदक, तीन पीएचडी योग्यता प्रमाण पत्र शामिल हैं। साथ ही आरवीसी में चयनित पूर्व छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर कुलसचिव डॉ एसएस तोमर, उपकुलसचिव डॉ रामकिंकर मिश्रा सहित अन्य मंचासीन थे।





सेंटर आफ एक्सीलेंस इन स्टेम एजुकेशन का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ, कहा-

## हमारी सरकार विज्ञान को लगातार प्रोत्साहित कर रही

### स्कूली बच्चों को सुनाई भगवान कृष्ण-अर्जुन की कथा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल के विज्ञान भवन पहुंचे। उन्होंने यहां राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज का समय अद्भुत समय चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विभागों को सभी जरूरी काम करने की छूट मिली हुई है।

पीएम मोदी ने नई तकनीक और नवाचारों के लिए पूरी तरह से उदारता बरती है। हमारे देश ने दुनिया के सामने उदाहरण पेश किए हैं। चाहे, डिजीटल पेमेंट हो, चाहे कोविड के समय टीकों का रिकॉर्ड हो, सब में भारत ने दुनिया को राह दिखाई।हमारा सारा सिस्टम विज्ञान पर आधारित है।

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि हमारा भारत इतना बड़ा है कि इसमें दुनिया के 100 देश आ जाएं। इसका एक मात्र कारण विज्ञान है। वर्तमान समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युग का है। मध्यप्रदेश







सरकार भी विज्ञान को लगातार प्रोत्साहन दे रही है। हमारा सारा सिस्टम विज्ञान पर आधारित है। आधुनिक विज्ञान से पहले से भी हमारे विद्वान नवग्रह पूजा कराते थे। उन्होंने कहा कि हम भले ही बैठे हैं, लेकिन हम चलायमान हैं। चैरेवेती-चैरेवती हमारा वेद वाक्य है। हमारा अपना स्वयं का शरीर पल-पल बदल रहा है। जैसा हमारा पिंड है वही ब्रह्मांड है। जन्म से मृत्यु तक जाना ही जीवन है। हम सब अनंत आकाश तक दौड़ रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने फसल बीमा योजना के पोस्टर भी जारी किया।

## पीथमपुर में जलाया जा रहा यूका का जहरीला कचरा, 24 थानों की पुलिस तैनात

**पीथमपुर।** पीथमपुर के तारपुरा गांव में रामकी एनवायरो फैक्ट्री में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री का जहरीला कचरा जलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फैक्टरी के इंसीनरेटर में पहले ट्रायल रन में 10 टन कचरा नष्ट किया जाएगा। कचरा जलाने के मौके पर मध्यप्रदेश प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी, धार के कलेक्टर प्रियंक मिश्र, एसपी मनोज



कुमार सिंह समेत कई अफसर मौजूद हैं। साथ ही फैक्टरी परिसर के अंदर स्पेशल आर्म्ड फोर्स के 130 जवान तैनात हैं। परिसर के बाहर डीएसपी रैंक के अधिकारी भी हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम दो विशेषज्ञ डाक्टर भी हैं। आसपास के सभी रास्तों की नाकाबंदी की गई है। बिना पूछताछ किसी को भी कंपनी परिसर के पास जाने की इजाजत नहीं है। रामकी एनवायरो फैक्ट्री से सटे तारपुरा गांव में भी पुलिस के जवान तैनात हैं। स्थानीय ग्रामीण घरों में बंद हैं। सड़कों पर सन्नाटा है। लोगों ने बताया कि कुछ किराएदार डर के कारण मकान खाली कर दूसरी जगह चले गए हैं।

### मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को घेरा, कहा 'भोपाल को मरने के लिए छोड़ गए थे'

आरोप पर पलटवार करते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कांग्रेस के शासनकाल में ही ये त्रासद घटना हुई थी और उस समय वो लोग भोपाल को मरने के लिए छोड़ गए थे। उन्होंने कहा है कि 'जीतू पटवारी में जितनी समझ है वो अपना काम कर रहे हैं। जिस चीज़ को सुप्रीम कोर्ट ने तय किया है और ये कांग्रेस का ही कचरा था। भूल गए वो कि कांग्रेस ने भोपाल में मौत बांटी थी। दस लाख से ज्यादा लोग अगर यूनियन कार्बाइड त्रासदी में मारे गए तो कांग्रेस के तत्कालीन प्रशासन की लापरवाही थी। और कांग्रेस ने सालों तक इस बीमारी को फैलाए रखा। एक तरफ भोपाल को मरने के लिए छोड़ गए और दूसरी तरफ डराने का काम कर रहे हैं। माफी मांगना चाहिए शरम आना चाहिए उनको।' इस तरह मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के विरोध को बेबुनियाद बताते हुए कहा है कि कोर्ट के निर्देशों के अनुसार ही सारी कार्रवाई की जा रही है और विपक्ष फिजूल में लोगों को डराने का काम कर रहा है।

## कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर 8.25 फीसदी ब्याज दर बरकरार, ईपीएफओ का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) को लेकर बड़ी खबर आ रही है। बताया गया कि सेवानिवृत्ति निधि निकाय ईपीएफओ ने शुक्रवार को 2024-25 के लिए ईपीएफ जमा पर 8.25 फीसदी की ब्याज दर बरकरार रखने का फैसला किया है। फरवरी 2024 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2023-24 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को मामूली रूप से बढ़ाकर 8.25 फीसदी कर दिया था। 2022-23 में यह ब्याज दर 8.15 फीसदी थी। ऐसे ही मार्च 2022 में ईपीएफओ ने 2021-22 के लिए अपने सात करोड़ से अधिक ग्राहकों के लिए ईपीएफ पर ब्याज को घटाकर चार दशक से अधिक के निचले स्तर 8.1 फीसदी कर दिया था। 2020-21 में यह ब्याज दर 8.5 प्रतिशत थी। इससे पहले 2020-21 के लिए ईपीएफ पर 8.10 प्रतिशत ब्याज दर 1977-78 के बाद से सबसे कम थी। उस वक्त ईपीएफ ब्याज दर आठ प्रतिशत थी। ईपीएफओ की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने शुक्रवार को अपनी बैठक में 2024-25 के लिए ईपीएफ पर 8.25 प्रतिशत ब्याज देने का फैसला किया है।'' सीबीटी ने मार्च 2021 में 2020-21 के लिए ईपीएफ जमा पर 8.5 प्रतिशत ब्याज दर तय की थी। सीबीटी के निर्णय के बाद 2024-25 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर को सहमति के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा जाएगा।

## माणा कैंप के पास भारी हिमस्खलन में दबे 57 मजदूर, 10 को बाहर निकाला, अन्य की तलाश जारी

**चमोली।** उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के बीच शुक्रवार को भारत-चीन (तिब्बत) सीमा क्षेत्र में माणा कैंप के पास भारी हिमस्खलन हुआ है। इस दौरान वहां निर्माण कार्य में लगे 57 मजदूर बर्फ में दब गए। आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने बताया कि अब तक 10 मजदूरों को निकाल लिया गया है। वहीं, तीन लोगों को आईटीबीपी व सेना की मदद से सेना अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। अन्य की तलाश जारी है।

क्षेत्र में मौसम खराब होने के चलते संचार सेवा ठप पड़ी है। चमोली के जिलाधिकारी संदीप





तिवारी ने बताया कि माणा और माणा पास के बीच हिमस्खलन होने से मजदूरों के दबने की सूचना है। एयर फोर्स से मदद मांगी जा रही है। सेना, आईटीबीपी रेस्क्यू में लगी है। एनडीआरएफ की टीम को भी मूव कर दिया गया है।

**तीन दिन से हो रही बर्फबारी-** बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, रुद्रनाथ, लाल माटी, नंदा घुंघटी, औली, गोरसों के साथ ही नीती और माणा घाटियों में तीन दिन से बर्फबारी हो रही है। जिससे ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फ जमा हो गई है।

## महाकुंभ पर बनने जा रही है फिल्म 'महासंगम', अभिषेक बनर्जी होंगे हीरो, ए.आर. रहमान देंगे संगीत

**प्रयागराज।** हाल ही में संपन्न हुए महाकुंभ के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व को अब एक फीचर फिल्म के माध्यम से पर्दे पर उतारा जाएगा। वर्चुअल



भारत प्रोडक्शन हाउस ने इस फिल्म का ऐलान किया है, जिसका नाम महासंगम रखा गया है। फिल्म में मुख्य भूमिका में अभिषेक बनर्जी नजर आएंगे, जबकि नीरज काबी और शहाना गोस्वामी भी प्रमुख किरदार निभाएंगे। फिल्म का निर्देशन भारत बाला करेंगे और संगीत ए.आर. रहमान देंगे।

**क्या होगी फिल्म की कहानी?-** महासंगम फिल्म परिवार, विरासत और संगीत की एक गहरी कहानी को दर्शाएगी। इसकी पृष्ठभूमि दुनिया के सबसे बड़े मानव समागम ङ्क महाकुंभ के आसपास बुनी गई है। फिल्म का कथानक महाकुंभ के आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व को उजागर करेगा, जहां करोड़ों लोग संगम में डुबकी लगाने और आशीर्वाद पाने के लिए जुटते हैं।

## मप्र का बजट 12 मार्च को हो सकता है पेश, चार लाख करोड़ से अधिक का होगा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश का वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट 12 मार्च को विधानसभा में प्रस्तुत होगा। यह चार लाख करोड़ रुपये से अधिक का रहेगा। इसमें फोकस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता वाली चार जातियों गरीब, किसान, महिला एवं युवा पर रहेगा। सिंहस्थ के लिए विशेष बजट प्रविधान किए जाएंगे तो सरकार पूंजीगत व्यय और बढ़ाकर 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक कर सकती है। विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च को राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण से प्रारंभ होगा। 11 मार्च को आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया जाएगा। डबल इंजन की सरकार का लाभ मध्य प्रदेश को लगातार मिल रहा है। आम बजट में डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रविधान राज्य के लिए किए गए हैं। एक लाख 11




हजार 661 करोड़ रुपये केंद्रीय करों में हिस्सा मिलेगा तो सहायता अनुदान 45 हजार करोड़ रुपये से अधिक मिलने का अनुमान है। इस हिसाब से देखा जाए तो वर्ष 2024-25 की तुलना में वर्ष 2025-26 में 15, 908 करोड़ रुपये अधिक मिलने की संभावना है। इसके आधार पर राज्य सरकार ने अपने बजट का खाका खींचा है।

गरीब कल्याण, महिला सशक्तीकरण, युवा कल्याण और किसानों के हित में प्रविधान किए जाएंगे। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवास निर्माण के लिए बड़ा वित्तीय प्रविधान ग्रामीण विकास, नगरीय विकास, जनजातीय कार्य और अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के बजट में रखा जाएगा।औद्योगिक विकास के लिए 18 नीतियों के अंतर्गत उद्यमियों को जो विशेष प्रोत्साहन देने का वादा किया गया है, उसकी पूर्ति के लिए प्रविधान होंगे तो भोपाल में एक बड़ा कन्वेंशन सेंटर बनाने की योजना प्रस्तावित की जाएगी। अधोसंरचना निर्माण की विभिन्न परियोजनाओं को गति देने के लिए सरकार इस बार भी पूंजीगत व्यय बढ़ाएगी। यह 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है।

### 15 लाख करोड़ रुपये तक हो सकता है राज्य सकल घरेलू उत्पाद

11 मार्च को सरकार आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत करेगी। इसमें वर्ष 2024-25 में राज्य सकल घरेलू उत्पाद की स्थिति, राज्य की विकास दर, प्रति व्यक्ति आय से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में राज्य की स्थिति से अवगत कराया जाएगा। राज्य सकल घरेलू उत्पाद 15 लाख करोड़ रुपये के आसपास हो सकता है। यह वित्तीय वर्ष 2023-24 में 13 लाख 63 हजार करोड़ रुपये रहा है। नौ दिवसीय सत्र को देखते हुए राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर सरकार की ओर से प्रस्तुत होने पर कृतज्ञता ज्ञापन पर एक दिन चर्चा कराई जा सकती है।

सुंदरकांड पाठ के बाद म्यूज़िकल ग्रुप ने भजनों की प्रस्तुति दी

# मानसरोवरेश्वर महादेव मंदिर में भंडारे के साथ महाशिवरात्रि महापर्व का समापन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मानसरोवरेश्वर महादेव मंदिर, मानसरोवर पब्लिक स्कूल प्रांगण बृहस्पतिवार को विशाल भंडारे के साथ महाशिवरात्रि महापर्व का समापन किया गया। इससे पहले अखंड रामायण पाठ का समापन और सुंदरकांड आयोजित किया गया। दो दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व पर महादेव का भव्य श्रृंगार और संकीर्तन का आयोजन भी किया गया। महादेव के भव्य श्रृंगार और पूजन के पश्चात् भाजपा के जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति जी की उपस्थिति में मानसरोवर की कुलाधिपति मंजुला तिवारी, प्रति कुलाधिपति गौरव तिवारी, निदेशक दिशा तिवारी ने विधि विधान कन्या पूजन के बाद भंडारे का शुभारंभ किया। इसके बाद हज़ारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण किया। इससे पहले महाशिवरात्रि के दिन मुख्य अतिथि हुज़ूर विधायक रामेश्वर शर्मा जी की उपस्थिति में सुप्रसिद्ध गायक पंडित सुधीर व्यास जी का लाइव परफॉर्मेंस हुआ। ये चमक ये दमक फेम व्यास ने प्रभु संकट हर लो मेरा गाने के साथ संकीर्तन शुरू किया। जिसके साथ ही श्रद्धालुगण भावविभोर हो उठे। इससे पहले महाशिवरात्रि की सुबह मानसरोवरेश्वर महादेव मंदिर में रूद्राभिषेक और शिव जी के भव्य श्रृंगार के साथ पर्व का आगाज़ हुआ। वहीं अखंड रामायण पाठ और भजन गायन में श्रृद्धालू शिव भक्ति में लीन होकर फूलों की होली खेलते नज़र आए।

जिसके बाद सुंदर कांड पाठ के बाद म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई। वहीं शाम को आयो शरण तुम्हारी, ये चमक ये दमक, शिव कैलाशों के वासी, भोला नई माने, आदि गीतों की प्रस्तुति पर भक्तगण झूमते रहे।

महाशिवरात्रि के दिन में सुंदर कांड पाठ के बाद शिव बारात की तैयारियों में श्रृद्धालु गुलाबी साफा पहने सजे धजे नजर आए। शिव बारात में श्रद्धालु झूमते नाचते नज़र आए। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे भक्त जनों ने प्रसादी ग्रहण किया। इस दौरान मानसरोवर समूह की कुलाधिपति मंजुला तिवारी, प्रति कुलाधिपति गौरव तिवारी और निदेशक दिशा तिवारी सहित बड़ी संख्या में शहर के नामचीन गणमान्य अतिथिगण और मानसरोवर परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब भोपाल हिल्स और रोटरैक्ट ने आयोजित किया शांति सम्मेलन



**भोपाल।** रोटरी क्लब भोपाल हिल्स द्वारा आयोजित शांति सम्मेलन 2025 एक बड़ी सफलता रही। इस ऐतिहासिक आयोजन का नेतृत्व क्लब अध्यक्ष रोटेरियन बी.एस. अग्रवाल और सचिव रोटेरियन हर्ष मित्तल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोहित पंडित, डीजी रोटेरियन अनीश मलिक, डीजी रोटेरियन महादेव प्रसाद एन एस (आरआईडी 3192), डीजीएन रोटेरियन संस्कार कोठारी, आईपीडीजी रोटेरियन ऋतु ग्रोवर, पीडीजी रोटेरियन सत्यनारायण लाठी, पीडीजी रोटेरियन धीरन दत्ता, पीडीजी रोटेरियन संजीव गुप्ता, पीडीजी रोटेरियन जिनेंद्र जैन, पीडीजी रोटेरियन रवी लांगर, पीपुल्स यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. हरीश राव और डीआरआर रोटरैक्टर निकुंज गोयदानी सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया। सत्र में एच.जी. रासिकरामण दास ने शांति और आध्यात्मिकता के महत्व पर अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए।

सम्मेलन का एक खास आकर्षण शांति मार्च था, जिसे रोटरी क्लब अध्यक्षों और रोटरैक्टर्स ने मिलकर आयोजित किया, जो एकता और शांति के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पैनल चर्चा में संघर्ष समाधान और वैश्विक शांति पर विचार विमर्श हुआ। इस सम्मेलन में शांति निर्माण और सामुदायिक सेवा के महत्व पर चर्चा की गई और रोटरी की 120वीं वर्षगांठ को मनाया गया, जो जिला 3040 में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बन गया।

# संस्कार सुधा फाउंडेशन का मेरी उड़ान मेरी पहचान कार्यक्रम 1 मार्च को



## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का होगा सम्मान

**भोपाल।** सामाजिक संस्था संस्कार सुधा फाउंडेशन अपना प्रतिष्ठित आयोजन 'मेरी उड़ान मेरी पहचान- सीजन 8' का आयोजन करने जा रही है। आयोजन का उद्देश्य विकसित भारत 2047 - 'विकास भी, विरासत भी' की थीम को प्रोत्साहित करना है। यह कार्यक्रम आगामी 1 मार्च 2025 को दोपहर 2- 30 बजे से मानस भवन, पॉलिटेक्निक चौराहा, भोपाल में आयोजित होगा।

कार्यक्रम की संयोजक एवं फाउंडेशन की युवा शाखा अध्यक्ष यशस्वी अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग मंत्री विजय शाह होंगे। अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल (सोनू दीदी) करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा, महापौर मालती राय, वरिष्ठ पत्रकार एवं मध्यप्रदेश प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. नवीन आनंद जोशी, तपन तोमर, पूर्व प्रवक्ता, भाजपा मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही सेलिब्रिटी अतिथि के रूप में बुंदेली गायिका कविता शर्मा, प्रसिद्ध गायिका एवं लोकप्रिय यूट्यूबर अलीश लव, दिल्ली भी आमंत्रित हैं।

## कार्यक्रम के खास आकर्षण

-पारंपरिक एवं समकालीन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां- देश की विविध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करने वाले एकल और समूह लोक एवं शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिताएं।

-खादी फॉर फैशन, हैंडलूम वॉक- खादी और हैंडलूम वस्त्रों के माध्यम से भारतीय फैशन की समृद्धि का प्रदर्शन।

-एमएसएमई उद्यमियों की प्रदर्शनी- स्थानीय उद्यमियों द्वारा उत्पादों और सेवाओं की प्रदर्शनी, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान दे रहे हैं।

**संस्कार श्री अलंकरण :** नरेंद्र शिवाजी पटेल राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन को दिया जा रहा है

संस्कार सुधा यूथ अलंकरण विपिन सेन सतना को दिया जा रहा है मध्य प्रदेश गौरव रत्न अलंकरण आर्किटेक्ट पलाश गोयल रिचार्ज सैनी स्कूल संचालक नीतू जयदेव नृत्य विधा से रश्मि सिंह टैरो कार्ड रीडर रूही राय आदि प्रतिभाओं को मध्य प्रदेश गौरव रत्न अलंकरण माननीय कैबिनेट मिनिस्टर कुंवर विजय शाह द्वारा प्रदान किया जाएगा।

# विदवान ब्राह्मणों द्वारा किया गया सहस्त्र धाराओं से भगवान शिव का अभिषेक



**संत हिरदाराम नगर।** नुक्कड वाली माता मंदिर पर महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में विदवान ब्राहम्णो पं, राजेश शर्मा, पं जीवन प्रसाद तिवारी, पं दीपक शर्मा, पं अभिषेक शर्मा, पं प्रदीप शर्मा द्वारा भगवान शिव का सहस्त्र धाराओं एवं दूध, दही, घृत, शहद, मिष्ठान से अभिषेक किया गया एवं जिन साधको की कुण्डली में पितृदोष, कालसर्प दोष है उनके निवारण के लिए पूजा अर्चना विधि विधान से सम्पन्न कराई गई।

मंदिर के पुजारी पं रवि पटेरिया ने बताया कि अंत में भगवान शिवजी की आरती कर प्रसादी वितरण किया गया। तत्पश्चात् समाज में अच्छे कार्य करने वाले समाजसेवियों का सम्मान किया गया। जिनमें प्रमुख रुप से आवास संघ के अध्यक्ष सुशील वासवानी, बजरंग सेना समिति के मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी, रामचंद सबनानी, नंदू जोशी, कमल मनसुखानी आदि शामिल है।

## पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण एवं विमुक्त घुमंतु अर्ध घुमंतु कल्याण विभाग के कार्यालय का अब विंध्याचल भवन में राज्यमंत्री गौर ने किया शुभारंभ



**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने गुरुवार को विंध्याचल भवन में पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण एवं विमुक्त, घुमंतु-अर्ध घुमंतु कल्याण विभाग के कार्यालय का विंध्याचल भवन में शुभारंभ किया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने विंध्याचल भवन में कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर कहा कि अब विभाग सरलता से अपने कार्य संपन्न कर सकेगा । कार्यालय विंध्याचल भवन में द्वितीय तल पर शुरू हुआ है । पूर्व में यह कार्यालय भदभदा रोड स्थित अन्य पिछड़ा वर्ग के ट्रेनिंग सेंटर में संचालित था । कार्यालय के विंध्याचल भवन में शुरू होने के अवसर पर विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अजीत केसरी, अपर सचिव श्री अनुराग चौधरी, आयुक्त श्री सौरभ कुमार सुमन एवं विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी तथा प्रदेश के समस्त जिलों के सहायक संचालक की उपस्थिति रही।

# अमर बलिदानी चंद्रशेखर आज़ाद के बलिदान दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**भोपाल।** अमर बलिदानी और महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर दक्षिण-पश्चिम विधानसभा गीतांजलि चौराहा अंबेडकर नगर में स्थित उनकी प्रतिमा पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने माल्यार्पण अर्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती मालती राय भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति के साथ बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने महान बलिदानी चंद्रशेखर आज़ाद अमर रहे के नारे लगाते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री सबनानी ने कहा कि हमारे वीर क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च निछावर किया है, और अपनी अल्प आयु में ही बलिदान देकर वह इतिहास रच दिया है जिसकी प्रेरणा से आज के युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत है, मैं आजाद हूँ, आजाद रहूँगा और आजाद ही मरूंगा卐 का नारा आज भी युवाओं के रक्त में दौड़ता है और उन्हें देशभक्ति के प्रति अपना सर्वोच्च निछावर करने की प्रेरणा देता है। हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए और अपने देश के प्रति उत्तरदायित्व ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम में जिला कार्यालय प्रभारी राजू अनेजा पार्षद एवं जोन अध्यक्ष श्रीमती आरती राजू अनेजा मंडल अध्यक्ष मुकेश देहाड़े मंडल अध्यक्ष हेमंत बडगैया पूर्व पार्षद लक्ष्मी गोरेवर राम नेता सिंह विकास शर्मा संदीप तोमर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

00000

# न्यू मार्केट में कमर्शियल बिल्डिंग का उद्घाटन किया



**भोपाल।** राजधानी स्थित न्यू मार्केट में एक कमर्शियल बिल्डिंग का उद्घाटन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से बालाजी टेलीफिल्म शोभा कपूर प्रोडक्शन की अभिनेत्री पूर्वी सांगवी साहू उपस्थित हुई, वहीं हम आपको बतादे की, उद्घाटन से पहले कमर्शियल बिल्डिंग में गणेश पूजन की गई, तत्पश्चात बॉलीवुड सेलिब्रिटीज पूर्वी सांगवी साहू के द्वारा रिबन काटकर उद्घाटन किया गया, वही 55 न्यू मार्केट कमर्शियल बिल्डिंग में ऑफिस, गोडाउन एवं बैंक के लिए उचित स्थान है, लग्जरी अपार्टमेंट के छत भी किराए पर देना है, वहीं अपार्टमेंट की पर छत पार्टी दी गई, जिसमें फिल्मी सेलिब्रिटी, परिवार एवं रिश्तेदार के लोग इकट्ठा हुए और शुभकामनाएं दी

शहीद भवन सभागार में 19वां भोपाल रंग महोत्सव

# समझ और सामंजस्य की परीक्षा को दर्शाता हास्य नाटक हार जीत



**भोपाल।** स्व. प्रभात गांगुली एवं पद्मश्री गुलबर्द्धन की स्मृति में भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली के सहयोग से नव नृत्य नाट्य संस्था द्वारा गुरुवार को 19वां भोपाल रंग महोत्सव चार दिवसीय हास्य / व्यंग्य नाट्य एवं सम्मान समारोह में हबीब थिएटर के कलाकारों ने शहीद भवन सभागार में हास्य नाटक हार-जीत की शानदार प्रस्तुति 19वे भोपाल रंग महोत्सव में दी। यह नाटक पति-पत्नी के खट्टे-मीठे संबंधों को दर्शाने के साथ-साथ विवाह में प्रेम, विश्वास और समझौते की अहमियत को भी उजागर करता है। शानदार अभिनय और प्रभावी संवादों ने इसे न केवल मनोरंजक बल्कि गहरे सामाजिक संदेश देने वाला नाटक बना दिया।

यह नाटक प्रसिद्ध उर्दू लेखक ज़हूर बख्श की रचना शबनम की एक कहानी पर आधारित है। 1950 के दशक के सामाजिक परिवेश में रची गई यह कहानी पति-पत्नी के रिश्तों की जटिलता को दिखाती है। नाटक का निर्देशन श्री जावेद अज़ीज़ राही ने किया, जिन्होंने अपने कुशल निर्देशन से इसे जीवंत बना दिया और दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। नाटक की कहानी एक ऐसे दंपति के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनके बीच छोटे-छोटे मतभेद गहरी खटास तक पहुंच जाते हैं। वहीं पड़ोस में रहने वाली भाभी का किरदार उनके इस झगड़े में ईंधन का काम करता है। नोंक-झोंक और टकराव बढ़ते-बढ़ते आत्महत्या की धमकी तक पहुंच जाते हैं, लेकिन आखिरकार प्रेम और विश्वास की गहराई से यह संघर्ष सुलझ जाता है।

अंततः पति को अपनी गलती का एहसास होता है, और प्रेम फिर से प्रकट होता है, और वह कहते हैं मान गए भाई, अब हम भी तुम्हारी उंगलियों पर नाचेंगे। मतलब हम दोनों साथ में जीत कर भी हार गए, और हार कर भी जीत गए। नाटक में हास्य का पुट देते हुए संदेश मिलता है कि विवाह केवल हार-जीत का खेल नहीं, बल्कि प्रेम, समझ और समर्पण का रिश्ता है। पति-पत्नी के बीच मतभेद और झगड़े स्वाभाविक हैं, लेकिन सुलह ही वैवाहिक जीवन की असली जीत होती है। नाटक की भाषा में उर्दू का अधिक उपयोग होने के बाद भी बेहद सरल और आम जन से जुड़ी हुई थी। हास्य और संवेदनशीलता का एक सुंदर संतुलन दर्शकों को कभी हंसाने तो कभी भावुक करने में सफल रहा। करीब एक घंटे के इस नाटक में मुख्य भूमिकाओं में दिव्यांश सिंह व अल्फ़ी हुसैन ने बखूबी अपने किरदारों को निभाया। वहीं रितिक यादव और जोई दत्ता ने जीवंत अभिनय कर दर्शकों का मनोरंजन किया। उनके संवाद की अदायगी और भावनात्मक अभिनय ने दर्शकों को बांध कर रखा। नाटक में उन्नीत चौरसिया और राहुल महाकाल ने मंच व्यवस्थापना की जिम्मेदारी निभाई, वहीं संगीत संचालन अर्शिन ख़ान द्वारा किया गया था।

# टेराग्लैब फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी ने दुबई में लगाई मसालों व उत्पादों की प्रदर्शनी



**भोपाल।** सवेरा हमें सिखाता है कि खुद को सीमाओं में सीमित करके न रखें अतः सफलता के लिए सीमाओं से परे जाकर मेहनत करना बहुत जरूरी होता है। उसी सफलता को पाने के सफर में टेराग्लैब फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड ने वर्ष 2021 में खरगोन जिले से वर्ष 2025 में दुबई और पेरिस तक अपनी सीमाएं बढ़ा दी है। 17 से 21 फरवरी 2025 में पूरे विश्व की सबसे विशाल खाद्य पदार्थ प्रदर्शनी दुबई में आयोजित हुई। जिसमें 126 देशों की हजारों कंपनियों ने अपने-अपने खाद्य उत्पादों को पूरे विश्व से आए आगंतुकों के समक्ष प्रदर्शित किये। इसी श्रंखला में टेराग्लैब फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के अधिकारी श्री अभिषेक पाटीदार एवं राजेश पटेल ने अपने निमाड़ के, अपने देश के मसाले एवं अन्य उत्पाद दुबई प्रदर्शनी में सारे विश्व के सामने प्रदर्शित करके निमाड़ का नाम और देश की शान को बढ़ाया है। टेराग्लैब कंपनी के स्टॉल पर केंद्रीय मंत्री खाद्य प्रसंस्करण श्रीम चिराग पासवान ने विजिट किया। उन्हें देख कर बड़ी प्रसन्नता हुई कि खरगोन जिले की किसानों की एक कंपनी इस विश्वस्तरीय आयोजन में हिस्सा ले रही है।

# आर्थिक विकास का इंजन बनेगा खनन क्षेत्र: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश खनन और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में उभरा है। प्रदेश खनिजों की प्रचुरता और सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों के कारण देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। खनन क्षेत्र न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि देश के औद्योगिक विकास और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा खनन के क्षेत्र में सतत विकास हो रहा है। इससे न केवल आर्थिक विकास हो रहा है, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस-भोपाल में खनन एवं खनिज संसाधन के अंतर्गत 3.22 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें 55 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा, जो प्रदेश के लिये बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की सक्रिय नीतियों से खनन क्षेत्र निवेश, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में नई ऊँचाइयों को छू रहा है। राज्य खनन उद्योग में देश का अग्रणी केन्द्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खनन क्षेत्र में देश की लीडिंग कम्पनियों ने रुचि दिखाई है। आने वाले समय में अडानी ग्रुप, रीवा, जबलपुर में, गोल्ड क्रेस्ट सीमेंट प्रायवेट लिमिटेड उज्जैन में, ऑरो कोल प्रायवेट लिमिटेड शहडोल में, आदित्य बिड़ला, ईएमआईएल माइंस एण्ड मिन रेस लिमिटेड रीवा में, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, आदित्य बिड़ला ग्रुप रीवा में, स्टॉक्स वर्क्स प्रायवेट लिमिटेड जबलपुर में, सारदा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड शहडोल में, जे.के. सीमेंट लिमिटेड शहडोल में, प्राइम-4 इंस्पेक्शन एलएलसी भोपाल में, रेकन केमिकल्स इंदौर में, बिड़ला कॉर्पोरेशन लिमिटेड रीवा में और रामदास वर्मा एण्ड कम्पनी शहडोल में खनिज के क्षेत्र में कार्य करेगी।

### खनिज संसाधनों में अग्रणी राज्य मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश कॉपर अयस्क, मैग्नीशियम अयस्क और हीरे के उत्पादन में भारत में प्रथम स्थान पर है। यह देश का एकमात्र हीरा उत्पादक राज्य है, जो खनन उद्योग में एक विशिष्ट पहचान दिलाता है। प्रदेश रॉक फॉस्फेट में दूसरा, चूना पत्थर (लाइम स्टोन) में तीसरा और कोयला उत्पादन में चौथे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खनिज संसाधन थर्मल पॉवर प्लांट, सीमेंट निर्माण, फेरोएलॉय, संगमरमर कटिंग और पॉलिशिंग इकाइयों तथा रिफैक्ट्री उद्योगों के विकास में सहायक है। इससे खनिज उद्योगों को निरंतर बढ़ावा मिल रहा है और मध्यप्रदेश खनन और औद्योगिक विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### खनन ब्लॉक नीलामी में ऐतिहासिक उपलब्धि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ने खनन ब्लॉक नीलामी में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। निवेश अनुकूल नीतियों के कारण वर्ष 2023 में 85 खनन ब्लॉकों की रिकॉर्ड नीलामी कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मध्यप्रदेश को जुलाई-2022 में भारत सरकार द्वारा खनिज नीलामी में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिये प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। साथ ही लौह-अयस्क, चूना पत्थर और बॉक्साइट के खनिज नीलामी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को वर्ष-2024 में दूसरे राज्य खनन मंत्रियों के सम्मेलन में खनन ब्लॉक नीलामी और सक्रिय खनन पहल के सम्मानित किया गया है। यह राज्य की खनन क्षेत्र में उत्कृष्टता और दूरदर्शी नीतियों को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निवेश अनुकूल नीतियाँ बनाते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने खनन के क्षेत्र में सरल और पारदर्शी प्रक्रियाएँ सुनिश्चित की हैं, जिससे घरेलू और विदेशी निवेशकों के लिये आकर्षक अवसर उपलब्ध हों। मजबूत अधोसंरचना विकास के अंतर्गत राज्य में खनन हब सड़क, रेल और बंदरगाह उत्कृष्ट रूप से जुड़े हुए हैं। इससे परिवहन और निर्यात में आसानी होगी। राज्य में प्रशिक्षित श्रमिकों की प्रचुर उपलब्धता है, जो खनन और खनिज आधारित उद्योगों की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में सरकार पर्यावरण संवेदनशील और सतत खनन प्रथाओं को बढ़ावा दे रही है। इससे प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग होगा।

### एमओयू से सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा

जीआईएस-भोपाल में मध्यप्रदेश सरकार, एमपी स्टेट माइनिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड ने मिलकर नेशनल मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट (एनएमईटी) फण्ड का उपयोग करने के लिये एक समझौता ज्ञापन एमओयू हुआ। इस पहल से हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड तांबे और अन्य रणनीतिक खनिजों के अन्वेषण का नेतृत्व करेगा। खनिज निष्कर्षण व्यवहारिक पाया जाता है, तो 51ः49 की भागीदारी के साथ एक संयुक्त उद्यम स्थापित किया जायेगा। इससे पहले 5 वर्षों में सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा। जीआईएस भोपाल मध्यप्रदेश को खनन क्षेत्र में सिरमौर राज्य बनाने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

## मध्यप्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नई क्रांति की ओर अग्रसर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश में वर्ष 2070 तक कार्बन फुट-प्रिंट को शून्य तक लाने और समाप्त होते जीवाश्म ईंधन के विकल्प तलाशने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट (अक्षय) नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इस राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में मध्यप्रदेश पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ योगदान दे रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में पिछले 12 वर्षों में नवीन और नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में 14 प्रतिशत अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जिससे अब कुल ऊर्जा उत्पादन में सहभागिता 30 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

जीआईएस-भोपाल में मध्यप्रदेश की टेक्नोलॉजी एग्नोस्टिक रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी के कारण नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारी निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जीआईएस-भोपाल के उद्घाटन अवसर पर कहा कि विगत दशक में भारत के ऊर्जा क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में 70 बिलियन डॉलर (5 ट्रिलियन रुपये से अधिक) का निवेश किया गया, जिससे स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में 10 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस विकास में मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और बताया कि राज्य वर्तमान में लगभग 31,000 मेगावाट की विद्युत उत्पादन क्षमता रखता है, जिसमें से 30त्न हरित ऊर्जा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने उद्बोधन मे कहा जीआईएस के शुभारंभ पर मध्यप्रदेश का रीवा सोलर पार्क देश के सबसे बड़े सौर ऊर्जा पार्कों में से एक है। इसके साथ ही हाल ही में ओंकारेश्वर में देश के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर प्लांट का शुभारंभ किया गया है, जिससे अक्षय ऊर्जा उत्पादन को नई दिशा मिली है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य अपनी भौगोलिक स्थिति और प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता के कारण देश के अग्रणी ऊर्जा सरप्लस राज्यों में से एक है। राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्म निर्भरता को प्राथमिकता देते हुए नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने टेक्नोलॉजी एग्नोस्टिक रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी लागू की है। इस नीति में सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निवेशकों को अनुकूल और लचीले अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में नया आयाम जुड़ रहा है।

पर्यावरण संरक्षण और नवकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, सांची को राज्य का पहला सौर शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह नेट ज़ीरो कार्बन सिद्धांत पर आधारित होगा, जिसमें जितनी ऊर्जा का उपभोग होगा, उतनी ही हरित ऊर्जा का उत्पादन भी किया जाएगा। यह परियोजना देश-दुनिया के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी। राज्य सरकार नर्मदापुरम जिले में पॉवर और नवकरणीय ऊर्जा उपकरणों के लिए एक समर्पित निर्माण ज़ोन विकसित कर रही है, जिससे राज्य में ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा और नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### वर्ष- 2030 तक 20 गीगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दूरदर्शी नीतियों और राज्य सरकार के ठोस प्रयासों से मध्यप्रदेश हरित ऊर्जा हब के रूप में उभर रहा है। वर्तमान में राज्य में 5 बड़ी सौर परियोजनाएँ कार्यरत हैं, जिनकी कुल उत्पादन क्षमता 2.75 गीगावाट (2,750 मेगावाट) है। सरकार की योजना वर्ष-2030 तक नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 20 गीगावाट (20,000 मेगावाट) करने की है। मध्यप्रदेश सरकार नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 5,21,279 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित कर रही है, जिससे 1,46,592 नौकरियाँ सृजित होंगी। जीआईएस-भोपाल में नवकरणीय ऊर्जा सेक्टर में अवाडा एनर्जी, एमकेसी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, एक्सिस एनर्जी वेंचर, एनएसएल रिन्यूएबल पॉवर प्राइवेट लिमिटेड, टोरेंट पॉवर और जिंदल इंडिया रिन्यूएबल एनर्जी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने निवेश प्रस्ताव दिए हैं।

## इंदौर में मदिरा एकल समूहों का निष्पादन और नवीनीकरण लॉटरी से पूरा हुआ



**इंदौर।** इंदौर में वर्ष 2025-26 के लिए आबकारी नीति के अंतर्गत, जिले के 64 एकल समूहों में से 51 समूहों का नवीनीकरण और लॉटरी निष्पादन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हुई। जिनमें 173 कंपोजिट मदिरा दुकानों से 20 प्रतिशत बढ़े मूल्यों पर आवेदन प्राप्त हुए। इसमें जिन 40 समूहों ने नवीनीकरण आवेदन प्रस्तुत किए उनका आरक्षित मूल्य 11,65,44,08,531 तय किया गया। रेशमी नवीनीकरण आवेदन से अलग 24 समूहों पर अन्य इच्छुक आवेदकों से लॉटरी के जरिए आवेदन प्राप्त किए गए। इनका निष्पादन 27 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस प्रक्रिया में 11 समूहों पर कुल 38 लॉटरी आवेदन प्राप्त किए गए, जिसका निराकरण लॉटरी पर्ची निकालकर किया गया। निष्पादित समूहों में प्रमुख नाम हैं स्कीम नं 54, एमआईजी, एमआर-9, तोपखाना इंदौर, मांगलिया, देपालपुर, सांवेर, हातोद, गौतमपुरा, धरमपुरी और चौपाटी पीथमपुर रोड। इस प्रकार 51 समूहों का कुल आरक्षित मूल्य ?14,76,58,67,921 है, जो जिले के कुल आरक्षित मूल्य ?17,81,51,11,998 का लगभग 83 प्रतिशत है। वहीं, शेष 34 समूहों का आवंटन आगामी दिनों में ई-टेंडर प्रक्रिया से किया जाएगा।

## राज्य की संचित निधि से बैंक खातों में रखी अधिक शेष राशि वापस न की तो अगला बजट नहीं

**भोपाल।** सरकारी महकमों को राज्य की संचित निधि से आहरित कर बैंक खातों में रखी गई आवश्यकता से अधिक शेष राशि राज्य शासन की संचित निधि में जमा कराना होगा। वित्त विभाग के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी ने सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, कलेक्टरों को इस बाबत निर्देश जारी किए है। पीएस रस्तोगी ने विभागों से कहा है कि विभाग और उनके अधीनस्थ संस्थानों में जमा राशि की 31 जनवरी 2025 तक समीक्षा की जाए और शेष राशि 31 मार्च 2025 के पूर्व सायबर कोषालय के माध्यम से राज्य की संचित निधि में जमा कराने का कष्ट करें । इसका पालन करने के बाद ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए संबंधित बजट नियंत्रण अधिकारी को बजट आवंटन किया जा सकेगा। बजट आवंटन न होंने के कारण उत्पन्न असुविधा के लिए संबंधित बजट नियंत्रण अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे। वित्त विभाग को जानकारी मिली है कि कई सरकारी विभागों ने राज्य की संचित निधि से राशियां निकालकर बैंक खातों में जमा कर रखी है। कई विभागों ने उनकी इस साल की जरुरत से अधिक राशि निकालकर बैंक खातों में जमा कर रखी है। जरुरत से अधिक सारी राशि 31 मार्च से पहले राज्य की संचित निधि में वापस जमा कराना होगा। ऐसा न करने पर अगले साल बजट आवंटन नहीं होगा।

## स्मार्ट मीटर योजना की सफलताएं जबलपुर, भोपाल को बताई जाएंगी

**भोपाल।** स्मार्ट मीटर योजना शासन की महत्वाकांयोजना है, पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर ने इस क्षेत्र में काफी अच्छा कार्य किया हैं, पश्चिम क्षेत्र में स्मार्ट मीटर की सफलता की जानकारी जबलपुर, भोपाल बिजली कंपनी को दी जाएगी। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पदेन चेयरमैन एवं पॉवर मैंनेजमेंट कंपनी के प्रबंध निदेशक अविनाश लवानिया ने बताया कि जल्द ही शासकीय कार्यालयों, परिसरों में प्राथमिकता से स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, ताकि शासकीय कार्यालयों की बिजली वितरण व्यवस्था प्रीपेड की जा सके। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सभागार में गुरुवार को हुई मीटिंग में लवानिया ने कहा कि इंदौर क्षेत्र हर कार्य में आगे रहता हैं, हर बार सफलता प्राप्त करता हैं, इंदौर के अच्छे कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ता सेवाओं, मीटरीकरण, बिजली आपूर्ति, राजस्व संग्रहण, मानव संसाधन, आरडीएसएस समेत अन्य कार्यों, सेवाओं की जानकारी ली। एमडी लवानिया ने कहा कि स्मार्ट मीटर के एबलेशन की वरिष्ठ अधिकारियों से की जाने वाली प्रति परीक्षण की सूची मुख्यालय से रेंडम आधार पर दी जाए। लवानिया ने स्मार्ट मीटर की खासियतें उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रचार माध्यमों से बताए जाने एवं स्मार्ट मीटर की टीम द्वारा चोरी एवं अनियमितताओं के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा की। लवानिया ने पश्चिम क्षेत्र कंपनी के निदेशक मंडल की मिटिंग में भाग लिया, विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। पश्चिम कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। इस दौरान निदेशक मंडल सदस्य व इंदौर के संभागायुक्त दीपक सिंह, वित्त विभाग के उपसचिव राजीव रंजन मीणा, आईआईएम इंदौर के डॉ. प्रशांत सालवान सभी ने ऑन लाइन और निदेशक तकनीकी सचिन तालेवार, मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, निदेशक गजरा मेहता, मुख्य अभियंता रवि मिश्रा, एसएल करवाड़िया, मुख्य वित अधिकारी नरेन्द्र बिवलकर, कंपनी सचिव आराधना कुलकर्णी ने विचार रखे। चेयरमैन अविनाश लवानिया ने पोलोग्राउंड स्थित स्मार्ट मीटर के मास्टर कंट्रोल सेंटर का अवलोकन किया और स्मार्ट मीटर टीम द्वारा उपभोक्ता सेवाओं के संचालन, चोरी-अनियमितता रोकने के लिए किए जा रहे उच्च तकनीकी स्तर से प्रयासों की प्रशंसा की।

## चीता प्रबंधन के लिये 8 करोड़ 90 लाख की बजट स्वीकृति

**भोपाल।** वन विभाग ने चीतों के प्रबंधन वित्तीय वर्ष 2024-25 से वर्ष 2026-27 के लिये राशि 8 करोड़ 90 लाख की अनुमानित सीमा मान्य कर सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह स्वीकृति मंत्रि-परिषद ने दी है। शासन स्तर से इसके आदेश भी 18 फरवरी को जारी कर दिये हैं। आदेश में भारत सरकार से आवंटन की प्रत्याशा में उपरोक्त योजना में कोई राशि व्यय की जाती है, तो भारत सरकार से राशि प्राप्त होने पर वन विभाग के राजस्व प्राप्ति मद में ऐसे व्यय के समतुल्य राशि जमा करायी जाये।

## आजाद के सपनों के विकसित भारत बनाने राज्य एवं केंद्र सरकार कर रही प्रयास: मंत्री संपतिया उईके

भोपाल। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री एवं अलीराजपुर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने अलीराजपुर जिले के टाउन हॉल स्थित आजाद स्मृति पॉर्क में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। स्वराज संस्थान संचालनालय एवं संस्कृति विभाग द्वारा अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर आजाद मेला का कार्यक्रम आजाद पार्क में किया गया।प्रभारी मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि करोड़ों लोगो के प्रेरणा स्त्रोत आजाद की भूमि में आप लोगो का जन्म हुआ है ये हम सब के लिए काफी गर्व की बात है। शहीद आजाद ने देश की आजादी के पूर्व विकसित भारत का जो सपना देखा था, केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर उसको साकार करने का हर संभव प्रयास कर रही है। अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की 94वीं पुण्यतिथि के अवसर हम सब लोग चंद्रशेखर आजाद को नमन करने के लिए यहां एकत्रित हुए है। हम सभी लोगों को यहां से प्रेरणा लेनी चाहिए की हम सबके जीवन का मूल उद्देश्य देश हित के लिए ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन का होना चाहिए। चंद्रशेखर आजाद ने न सिर्फ अंग्रेजो का सामना किया बल्कि देश के युवाओं को आजादी के लिए प्रेरित भी किया। आज हम सब लोग एक आजाद देश में सांस ले पा रहे है। आजाद के सपनों को साकार करने के लिए प्रदेश सरकार वचनबद्ध है। हम सब मिलकर क्षेत्र का विकास कर आजाद के सपने को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि वीर बलिदानी आजाद की पुण्यतिथि पर नमन कर मै खुद को गौरवांवित महसूस कर रही हु।कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों उपस्थित थे।



## प्रमुख सचिव के निर्देश, किसानों को उपार्जित गेहूं का भुगतान समय पर करें

**भोपाल।** प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण रश्मि अरूण शमी ने गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सागर एवं शहडोल संभाग के कमिश्नर एवं कलेक्टर्स से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों से अच्छी गुणवत्ता का गेहूं उपार्जित करें। साथ ही उपार्जित गेहूं का भुगतान समय पर करें। गौरतलब है कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने गत दिनों गेहूं उपार्जन की समीक्षा के दौरान जिलेवार उपार्जन तैयारियों की समीक्षा के निर्देश दिये थे। श्रीमती शमी ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिये सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। किसानों को गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन कराने के लिये जागरूक करें। उन्होंने संभागायुक्त और जिलों के कलेक्टर्स से अलग-अलग बात कर गेहूं उपार्जन के लिये की गई तैयारियों की जानकारी ली। अभी तक 3 लाख से अधिक किसान गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन करा चुके हैं। श्रीमती शमी ने बताया कि वेयर हाउस के लंबित भुगतान भी जल्द किये जायेंगे। उन्होंने उचित मूल्य दुकानों से राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का ई-केवायसी कराने के निर्देश भी दिये। उन्होंने बताया कि गेहूं उपार्जन के लिये किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में गेहूं का उपार्जन 1 मार्च से 18 अप्रैल तक होगा। शेष संभागों में 17 मार्च से 5 मई तक गेहूं का उपार्जन किया जायेगा।

## मंत्री सारंग ने की जीआईएस में सहकारिता विभाग की फॉलो-अप समीक्षा

### सीपीपीपी के जरिये निवेश करने वालों के लिये निवेश विंग में नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सहकारिता विभाग में निवेश विंग की स्थापना के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने विंध्याचल भवन स्थित सहकारिता विभाग में सहकारिता संबंधी निवेशकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिये एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने को कहा। साथ ही उन्होंने एक कमेटी गठित करने के भी निर्देश दिये, जो आये प्रस्तावों पर विचार-विमर्श के बाद हायर लेवल पर प्रस्तुत करेगी। मंत्री सारंग मंत्रालय में जीआईएस के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। मंत्री सारंग ने कहा कि विभाग के को-ऑपरेटिव पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप (सीपीपीपी) मॉडल का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों के हितग्राहियों को परस्पर लाभ प्रदान करने के साथ ही प्रदेश के दूसरे और तीसरे दर्जे के क्षेत्रों के विकास को तिगुनी गति प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इसीलिये निवेशकों का विशेष ख्याल रखा जाये। सिंगल विण्डो सिस्टम से किसी भी प्रकार की समस्या का निराकरण हो। बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश में सहकारिता क्षेत्र में को-ऑपरेटिव पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (सीपीपीपी) मॉडल के अंतर्गत कुल अनुमानित 2305 करोड़ रुपये के 19 एमओयू हुए हैं। इनमें प्रमुख रिलायंस द्वारा 1000 करोड़ और वैधनाथ ग्रुप द्वारा निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। मैजेस्टिक बासमती राइस प्राइवेट लिमिटेड रायसेन द्वारा 1000 करोड़ रुपये, आरएम ग्रुप द्वारा 100 करोड़ रुपये, मशरूम वर्ल्ड भोपाल द्वारा 100 करोड़ रुपये, वी विन लिमिटेड भोपाल द्वारा 40 करोड़ रुपये, न्यूट्रेलिस कृषि उत्पादक सहकारी समिति नोएडा यूपी द्वारा 30 करोड़ रुपये, एग्रीविस्टा एआई प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 25 करोड़ रुपये और सवीर बॉयो टेक लिमिटेड नोएडा यूपी द्वारा 10 करोड़ रुपये के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। साथ ही प्रतिभा सिंटेक्स इंदौर, पतंजलि, भारतीय बीज सहकारी समिति, न्यूट्रेलिस कृषि उत्पादक सहकारी समिति नोएडा आदि ने भी मध्यप्रदेश में निवेश में रुचि जाहिर की है। बैठक में अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, प्रबंध संचालक मार्कफेड आलोक कुमार सिंह, सहकारिता आयुक्त मनोज पुष्प, अपेक्स बैंक के प्रभारी प्रबंध संचालक मनोज कुमार गुप्ता, राज्य सहकारी संघ के प्रबंध संचालक ऋतुराज रंजन, बीज संघ के प्रबंध संचालक महेन्द्र दीक्षित सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## ग्रीन कार्ड से कमाई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नई योजना की घोषणा की है जिसमें अमीर विदेशियों को 50 लाख डॉलर का भुगतान करने पर गोल्ड कार्ड के जरिए अमेरिका में स्थायी निवास और नागरिकता की सुविधा मिलेगी। यह योजना अमेरिका को आर्थिक लाभ होने की उम्मीद के साथ सुरक्षा और अन्य चुनौतियां भी पैदा कर सकती है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वीजा-सिटिजनशिप पॉलिसी पर एक और बड़ी घोषणा करके फिर सबको चौंका दिया है। गोल्ड कार्ड के जरिए अमीर विदेशियों को अमेरिका में स्थायी निवास की सुविधा और नागरिकता की राह मुहैया कराने का उनका ऐलान दुनिया भर में तीखी बहस की वजह बन गया है।

**44 करोड़ देने होंगे:** अमल में आ जाए तो यह स्कीम अमीर विदेशियों को अमेरिकी नागरिकता मुहैया कराने का सबसे आसान उपाय साबित हो सकती है। जिस श्ब्र5 कार्यक्रम का विकल्प इसे बताया जा रहा है, उसमें भी अमेरिकी बिजनेस में निवेश या कम से कम 10 अमेरिकियों को रोजगार उपलब्ध कराने जैसी शर्तें जुड़ी हैं। मगर इस नई योजना में तो 50 लाख डॉलर (करीब 44 करोड़ रुपये) का भुगतान करने भर से गोल्ड कार्ड मिल जाने की बात है।

**आमदनी पर निगाहें:** ट्रंप का जोर भी इस नई योजना से अमेरिका को होने वाली आमदनी पर ही ज्यादा दिख रहा है। हालांकि कई अन्य देश इस तरह की सुविधा पहले से दुनिया भर के अमीरों को मुहैया कराते हैं, लेकिन वे छोटे-छोटे देश हैं। अमेरिका जैसे देश का ऐसी योजना लेकर आना बड़ी घटना होगी। स्वाभाविक ही, इससे सुरक्षा जैसे सवाल भी जुड़ते हैं क्योंकि ऐसी सुविधाओं का फायदा उठाने वालों में अपराधी तत्व भी होते हैं, जो अपने देश के कानून से बचने के लिए ऐसा करते हैं।

**टैलंट पर जोर नहीं:** भले ट्रंप कह रहे हों कि कंपनियां इस योजना के जरिए टैलंटेड स्टूडेंट्स को ज्यादा आसानी से हायर कर पाएंगी, लेकिन यह साफ है कि नई पॉलिसी का जोर टैलंट से ज्यादा पैसों पर है। ऐसे में इस पॉलिसी का नुकसान उन लोगों को हो सकता है जो टैलंट की बदौलत अमेरिका में काम कर रहे हैं और बरसों से ग्रीनकार्ड के इंतजार में हैं। इनमें भारतीयों की अच्छी-खासी संख्या है।

**व्यावहारिकता का पहलू:** अभी इस घोषणा के साथ कई तरह के किंतु-परंतु जुड़े हैं। अमेरिका में इमिग्रेशन पॉलिसी में किसी भी बड़े बदलाव को कांग्रेस की मुहर चाहिए होती है। यह आशंका भी है कि कहीं इसकी गत ट्रंप की नागरिकता संबंधी घोषणा जैसी न हो, जिस पर अदालत ने रोक लगा दी है। इन सबके बावजूद, अमेरिकी राष्ट्रपति की इस घोषणा से यह सवाल ज्यादा स्पष्ट रूप में सामने आया है कि क्या सचमुच पैसा स्वर्ग में बिना शर्त एंट्री दिला सकता है।

# सनातन धर्म की गौरव प्रतिष्ठा का प्रतीक आयोजन महाकुंभ



**सुरेश पचौरी**

माघे मासे गंगे स्नानं यः कुरुते नरः।
युगकोटिसहस्राणि तिष्ठंति पितृदेवताः।।

स्कंद पुराण में उल्लेख है कि माघ मास में गंगा में स्नान करने वाले व्यक्ति के पितर युगों-युगों तक स्वर्ग में वास करते हैं। कितना ही बिरला अवसर है कि प्रयागराज में संगम किनारे श्रद्धा का महाकुंभ आयोजित हुआ और सनातनियों ने आस्था की डुबकी लगाई। यूं तो यह आयोजन सदियों से चला आ रहा है लेकिन इस वर्ष इस आस्था को सम्मान देने में भाजपा की सरकारों का अथक योगदान भी रहा है। महाकुंभ जैसे महाआयोजन में करोड़ों श्रद्धालुओं का सुचारू रूप से प्रबंधन एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने जिस कुशलता से इस वृहत्तर दायित्व को संभाला है वह वर्षों तक सराहना के साथ याद किया जाएगा। धर्म के प्रति निष्ठा और समर्पण के इस अद्भुत आयोजन ने ऐसा संगम रचा जो कल्पनातीत है। सुरक्षा, सुविधाएं और सुगमता प्रदान करने के जतन के साथ ही साथ इस आयोजन को पर्यावरण अनुकूल बनाने के विशेष प्रयास हुए यह स्तुत्य है। इन प्रयासों ने महाकुंभ को केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक एवं पर्यावरणीय सरोकरों के प्रति चेतना का संदेश भी दिया।

हमारी भारतीय सनातन संस्कृति और परंपरा में कुंभ पर्व सहस्त्राब्दियों से श्रद्धा, आस्था और ज्ञान की साधना का पर्व रहा है। भगवान आदि शंकराचार्य ने भारतीय जनमानस में धर्म की भावना जगाने और संस्कृति की चेतना मजबूत करने के लिए देश के चार कोनों पर चार मठ बनाये। पूर्व में जगन्नाथपुरी पश्चिम में द्वारिका, उत्तर में जोशीमठ तथा दक्षिण में श्रंगेरी मठ। आदि शंकराचार्य जी ने देश की चार प्रमुख नदियों गंगा, यमुना, क्षिप्रा व गोदावरी के तट पर चार शहरों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में चार कुंभ-मेलों के आयोजन की रूपरेखा रची। कुंभपर्व का आधार खगोलीय घटना है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ग्रहों की गति और उनके मानव शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन कर कुंभ मेलों के आयोजन की तिथियां और स्थान तय होते है। 12 साल के अंतराल से सूर्य और गुरू की राशि विशेष में स्थिति कुंभ पर्व का समय और स्थल निर्धारित करते है।

गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस में उल्लेख किया है: माघ मकरगत रवि जब होई। तीरथ पतिहि आव सब कोई'' अर्थात् मकरराशि में सूर्य एवं वृषभ राशि में गुरू का प्रवेश होता है तब तीर्थ राज प्रयाग में कुंभ पर्व आयोजित होता है। कुंभ को लेकर पौराणिक आधार भी है। देवताओं और दानवों ने समुद्रमंथन किया। इस मंथन में अमृत निकला। अमृत के बंटवारे की छीना छपटी में अमृत कलश से कुछ बूंदे छलकीं। ये अमृत बूंदे प्रयाग, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में गिरीं। इन शहरों के पास से बहने वाली नदियां गंगा, यमुना, गोदावरी, एवं क्षिप्रा अमृतमयी हो गई। इन्ही स्थलों पर कुंभपर्व आयोजित किया जाता है।



कुंभ पर्व नदियों के महत्व का महापर्व है। यह विविधता में एकता प्रदर्शित करने में केन्द्रीय भूमिका निभाता है। कुंभ पर्व 'वसुधैव कुटंबकम' की भावना को साकार करता है। यह आयोजन सर्वसमावेशी संस्कृति एवं भारतीय चिंतन की वैज्ञानिकता का प्रतीक है। कुंभ महापर्व हमें आत्मशुद्धि, परोपकार एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। महाकुंभ के माध्यम से भारतीय संस्कृति और भारतीय जीवन दर्शन को वैश्विक पहचान मिली है। कुंभ पर्व भारतीय संस्कृति की गहराई, सहिष्णुता और एकता का अद्भुत संगम है। यह पर्व केवल स्नान का पर्व नही है बल्कि जीवन के गूढ़ रहस्यों को जानने आत्मचिंतन करने और मानवता के प्रति समर्पण व्यक्त करने का अवसर है। भारतीय सनातन परंपरा में यह आयोजन अनूठी आस्था, संस्कृति और दर्शन का सदियों से परिचायक रहा है और आगे भी रहेगा।

इस वर्ष 2025 में प्रयागराज में आयोजित कुंभ अपने आयोजन के आरंभ से ही अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता रहा है। मकरसंक्रांति से महाशिवरात्रि तक लगभग 45 दिन चलने वाले कुंभ महापर्व की छटा ही निराली रही है। प्रतिदिन औसतन 1.5 करोड़ लोग कुंभ में गंगा स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचे हैं। देश ने सनातन की ऐसी जबरदस्त ताकत पहले कभी नहीं देखी। विश्व चकित है। पूरी दुनिया अचरज से सनातन संस्कृति की प्रस्फुटित होती इस शक्ति को समझने की कोशिश कर रही है। महाकुंभ के भव्य दृश्यों ने हमें हतप्रभ किया है और अपनी संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं के प्रति गहन आस्था और गौरव से भर दिया है।

महाकुंभ का संपूर्ण मानवता को स्पष्ट संदेश है कि आस्था और आध्यात्म में कोई भेद नहीं होता। यहां कोई भी जाति या वर्ग का भेद नहीं होता। यहां राजा हो या रंक, साधु हो या गृहस्थ सब मां गंगा की गोद में पुण्य अर्जित करने आते है। यह समरसता ही कुंभ की सबसे बड़ी विशेषता है। प्रयागराज का कण-कण अलौकिकता का स्मरण कराता है। त्रिवेणी स्नान के दौरान जो शांन्ति और दिव्यता का अनुभव होता है उसे शब्दों में व्यक्त करना असंभव है। महाकुंभ में स्नान केवल धार्मिक कार्य मात्र नही है, बल्कि आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है। महाकुंभ में आकर यह अनुभव होता है कि सनातन धर्म केवल पूजा पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने की एक महान परंपरा है। साधु संतो के प्रवचन मंत्रों की ध्वनि अखाड़ों की भव्यता और गंगा आरती का सौन्दर्य मन में ईश्वरीय अनुभूति कराता है।

मेरे लिए वे असीम शांति और गौरव के पल थे जब मैंने पुण्य भूमि प्रयागराज स्थित त्रिवेणी संगम में स्नान कर मां गंगा की पूजा-अर्चना कर अपनी आस्था प्रकट की। किसी भी श्रद्धालु की तरह मेरे लिए भी यह असीम आनंद के क्षण थे। गंगा तटों पर गूंजती मंत्रध्वनियां, हवनकुंडों से उठती धूप की सुवास आयोजन को दिव्यता प्रदान करती है। इस संकल्पना के लिए प्रधानमंत्री मोदी और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व स्तुत्य और स्मरणीय है। मैंने अनुभव किया कि गंगा मैया में लगाई गई हर डुबकी एक अलौकिक आनंद की अनुभूति करवाती हैं। आत्मा निर्मल होकर परमतत्व से साक्षात्कार करती है। इसी साक्षात्कार के उपरांत यह कह सकता हूं कि 2025 का प्रयागराज महाकुंभ एक आयोजन ही नहीं अपितु सनातन की जीवंत धरोहर बनकर प्रकट हुआ है।

इस दिव्यता को प्रधानमंत्री मोदी के कथन में भी अनुभूत किया जा सकता है। प्रयागराज में गंगा स?नान के उपरांत यशस्वी एवं तपस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा था, प्रयागराज में महाकुंभ में आकर धन्य हो गया। संगम पर स्नान एक दिव्य जुड़ाव का क्षण है और इसमें भाग लेने वाले करोड़ों अन्य लोगों की तरह मैं भी भक्ति की भावना से भर गया। मां गंगा सभी को शांति, ज्ञान, अच्छे स्वास्थ्य और सद्भाव का आशीर्वाद दें।

प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रार्थनाओं में हमारी प्रार्थना के स्वर भी शामिल हैं। यशस्वी एवं तपस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के सभी सनातनधर्मियों को नया गौरव प्राप्त हुआ है। उनके शासनकाल में हमारी आस्था के प्रतीकों और धार्मिक स्थलों का पुनरूत्थान हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्य काल में अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा, काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरीडोर, महाकाल लोक परियोजना, केदारनाथ मंदिर एवं जगन्नाथ मंदिर का सौंदर्यीकरण जैसे श्रेष्ठतम कार्यों से भारत का सांस्कृतिक वैभव प्रतिष्ठित हुआ है तथा लोक आस्था के महत्व में अद्वितीय वृद्धि हुई है।

भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का यह महाकुंभ उत्सव सभी के जीवन में नयी ऊर्जा और उत्साह का संचार करे, यही ईश्वर से प्रार्थना है। मेरा मानना है कि महाकुंभ 2025 के माध्यम से जागृत हुई सनातन की यह चैतन्य धारा राष्ट्रहित में प्रवाहित होकर एक नये भारत के निर्माण में सहायक होगी।

(लेखक भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं।)

## और महाकुंभ सम्पन्न

**राकेश दुबे**

और प्रयागराज में महाकुंभ सम्पन्न हो गया।यूँ तो उत्तर प्रदेश में 75 जिले हैं और महाकुंभ के निमित्त राज्य के शहरी विकास विभाग ने 76वां अस्थायी जिला बनाने पर 7,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए। इस शहर में 30 अस्थायी (पंटून) पुल बनाए गए, 92 सड़कों को नया रूप दिया गया, 2,700 से ज्यादा एआई सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और पानी के भीतर ड्रोन नदी पर नजर रख रहे हैं। तंबुओं वाले विशाल महाकुंभ नगर में रहने के लिए लक्जरी आवास , वाई-फाई जोन और गूगल मैप के जरिये आगंतुकों का आना-जाना आसान बनाया गया।सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवा के ऐसे इंतजाम रहे कि जो किसी भी स्थायी शहर को टक्कर देते रहे।आपातकालीन अस्पताल और 'नेत्र कुंभ' शिविर में लाखों लोगों की जांच हुई । गंगा-यमुना के पानी को साफ रखने के लिए नए सीवेज ट्रीटमेंट संयंत्र भी तैयार किए गए ।

40 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के आने का अनुमान लगाया गया था, जो ध्वस्त हो गया । जब कोई अस्थायी महानगर बसता है तो स्थितियों के हिसाब से ढलने और टिकाऊपन से जुड़े अहम सवाल उठते हैं। यह भी पूछा जाता है कि भविष्य के शहर उस नगरी से क्या सीख सकते हैं, जो टिकेगी ही नहीं।

इस कुंभ मेले ने साबित किया है कि शहर ज्यादा तेजी से बनाए जा सकते हैं, ज्यादा स्मार्ट और लचीले भी हो सकते हैं मगर इसने चेतावनी भी दी है कि शहरी योजना को केवल माल-असबाब से जुड़ा न समझा जाए। शहर चाहे कितने भी कम समय के लिए बसाया जा रहा है, उसमें एक क्षण के लिए भी रहने वालों के प्रति उसका कुछ कर्तव्य होता है। भविष्य के योजनाकारों को इससे अगर कुछ सीखना है तो वह सबक यह है कि किसी शहर की सफलता को उसके कारगर होने से ही नहीं बल्कि उसमें रहने या आने-जाने वाले लोगों की हिफाजत से तथा उन्हें सुविधाएं प्रदान करने की क्षमता से आंका जाना चाहिए।

इस तरह के शहर ने पर्यावरण के प्रति कुछ असमंजस को जन्म दिया है, जिनसे चिंता होती है। सामूहिक स्नान की यह परंपरा ही उस पवित्रता को खतरे में डाल देते हैं, जिसकी तलाश में ये श्रद्धालु आये थे। यह विरोधाभास ही चौंकाने वाला है।अपने सभी विरोधाभासों के बावजूद कुंभ मेले में मिलने वाली खुशियां और दुख शहरी नियोजन और मजबूती का बड़ा सबक दे जाते हैं।

# राजनीति को पसंद आया, नया धाम-बागेश्वर धाम

**सरयूसुत मिश्रा**

यह पहला महाकुंभ होगा जब राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों से लगाकर हिंदुत्व की राजनीति करने वाला कोई भी राजनेता स्नान करने से नहीं चूका होगा. हिंदुत्व के पर्व त्यौहारों के आयोजनों में जहां पहले सरकारें अपने को अलग रखती थीं, वहीं अब ऐसा कोई पर्व नहीं है, जिसके आयोजन में समाज के साथ-साथ सरकारों की भूमिका नहीं रहती हो. हिंदुत्व की पहचान के लिए नए-नए धाम विकसित हो रहे हैं. मध्य प्रदेश में बागेश्वर धाम और कुबरेश्वर धाम काफी लोकप्रिय हो रहे हैं.

विश्व धरोहर खजुराहो के समीप स्थित बागेश्वर धाम तो जैसे राजनीति का नया धाम बन गया है. पीएम नरेंद्र मोदी के बागेश्वर धाम पहुंचने से इसकी लोकप्रियता में वृद्धि हुई है. भारत की राष्ट्रपति भी बागेश्वर धाम पहुंची हैं. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री तो पिछले एक महीने में चार बार बागेश्वर धाम गए हैं. कभी प्रोटोकॉल के लिए तो कभी व्यवस्थाओं के निरीक्षण के लिए उन्हें जाना पड़ा है.

बागेश्वर धाम के प्रति राजनीति की बढ़ती रुचि हिंदुत्व की पहचान के प्रति संदेश देने का प्रयास ही हो सकता है. बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री लोगों की पर्ची निकालने से प्रसिद्ध हुए हैं. उनकी प्रसिद्धि बहुत पुरानी नहीं है, बल्कि इसे नई-नई ही कहा जा सकता है. हिंदुत्व की सामाजिक एकता के लिए वह यात्रा भी निकाल चुके हैं. हिंदू राष्ट्र और हिंदुत्व के प्रति उनके वक्तव्य भी अक्सर आते रहते हैं. महाकुंभ में भगदड़ में हुई मृत्यु पर उनके मोक्ष जैसे बयान पर काफी आलोचना और प्रतिक्रियाएं आई हैं.

राजनीति और धर्म अलग-अलग हैं, लेकिनआचरण में दोनों एक दूसरे के पूरक ही लगते हैं. बागेश्वर धाम में कैंसर हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर का शिलान्यास प्रधानमंत्री ने किया है. राष्ट्रपति वहां आदिवासी कन्याओं के विवाह समारोह में शामिल हो रही हैं. बागेश्वर धाम की इन सामाजिक सेवाओं को निश्चित रूप से प्रशंसा मिलनी चाहिए. शायद इसीलिए राजनीति के राष्ट्र के प्रमुख और राष्ट्र के संवैधानिक प्रमुख ने धाम में पहुंचकर उनकी सामाजिक सेवाओं को मान्यता प्रदान की है. राजनीति में हिंदुत्व पिस रहा है. दूसरे धर्म के लोगों से हिंदुत्व का विरोध स्वभाविक हो सकता है, लेकिन राजनीति के कारण सनातन धर्मी ही हिंदुत्व के विरोधी बन जाते हैं. कट्टर हिंदुत्व और सॉफ्ट हिंदुत्व में राजनीति का खेल शुरू हो जाता है. वोट बैंक के राजनीतिक रंग दिखने लगते हैं. महाकुंभ की व्यवस्थाओं के विरुद्ध जिन राजनेताओं के भी वक्तव्य आ रहे हैं, वह सनातन धर्मियों की ओर से ही दिए जा रहे हैं. सनातन के प्रति आस्था रखने वाले ही वोट बैंक की राजनीति में सेकुलरवाद की भूमिका में दिखने में लग जाते हैं.

पीएम मोदी के राजनीतिक उभार और हिंदुत्व की राजनीति का विकास साथ-साथ चल रहा है. गुजरात में सद्भावना यात्रा में मुख्यमंत्री के रूप में जब उन्होंने टोपी पहनने से इनकार कर दिया था, तब इसकी हिंदुत्व में व्यापक प्रतिक्रिया हुई थी. उसके बाद धीरे-धीरे पीएम उम्मीदवार के रूप में उनका काशी आगमन और 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में बीजेपी सरकार की



स्थापना हिंदुत्व की राजनीति के दौर की शुरुआत थी. तब से लेकर अब तक हिंदुत्व सनातन के प्रति पीएम मोदी ने कभी भी अपनी पहचान को जोड़ने से दूरी नहीं बनाई. सनातन तीर्थ स्थलों पर विकास का इतिहास आज लिखा गया है, तो वह भी हिंदुत्व की राजनीति के कारण ही संभव हो पाया है. चाहे काशी विश्वनाथ कॉरिडोर हो, चाहे महाकाल का कॉरिडोर हो, केदारनाथ का कॉरिडोर हो लगभग सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों पर सौंदर्यीकरण और विकास के काम किए गए हैं.

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हिंदुत्व की राजनीति का ऐतिहासिक क्षण रहा है. हिंदुओं के तीर्थ स्थलों पर विकास के कारण श्रद्धालुओं की संख्या दिनों-दिन लगातार बढ़ी है. महाकुंभ में इस बार श्रद्धालुओं के पहुंचने के सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं. हिंदू तीर्थ स्थलों पर श्रद्धालुओं के पहुंचने से उन स्थानों पर आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई है. यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ यही कहते हैं, कि महाकुंभ से यूपी की अर्थव्यवस्था में तीन लाख करोड़ जुड़े हैं.

अयोध्या में राम मंदिर आज पर्यटकों की दृष्टि से यूपी का सबसे बड़ा केंद्र बन गया है, जो पहले कभी ताजमहल के कारण आगरा हुआ करता था, वह अब अयोध्या बन गया है. हिंदुत्व की चेतना राजनीति के साथ ही सामाजिक क्षेत्र में भी बढ़ी है. जातिवाद के कारण इसे नुकसान पहुंचाने की कोशिशें असफल होती जा रही हैं. जातिगत जनगणना की राजनीतिक मांग भी हिंदुत्व में जातिवाद का विभाजन करने का ही एक प्रयास है.

बीजेपी के नेता जहां महाकुंभ में अपनी आस्था प्रकट करने में आगे दिखे, वहीं कांग्रेस के बड़े नेता अपनी भारतीय पहचान स्थापित करने में चूक गए हैं. अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के समय भी कांग्रेस की ओर से आमंत्रण ठुकरा दिया गया था. सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जैसे बड़े नेता अब तक राम मंदिर का दर्शन करने नहीं जा सके हैं. कांग्रेस के कुछ मुख्यमंत्री और नेता ज़रूर महाकुंभ पहुंचे हैं, लेकिन इन प्रमुख नेताओं को महाकुंभ में पवित्र स्नान करते हुए नहीं देखा गया है.

धार्मिक आस्था राजनीति से ऊपर है, लेकिन अगर कोई राजनेता अपनी धार्मिक आस्था इस वजह से प्रकट नहीं करना चाहता कि, उसके कारण उसके किसी एक समुदाय के वोट बैंक पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा, तो फिर यह आस्था का राजनीतिक सौदा ही कहा जाएगा.

बागेश्वर धाम में सामाजिक सेवाओं की जो पहल की गई है वह हर धार्मिक स्थलों पर होनी चाहिए. धार्मिक संतों को जन समर्थन और दान-पुण्य भी पर्याप्त मिलता है. अगर दान-पुण्य का उपयोग सामाजिक सेवाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए किया जाता है, तो उससे बेहतर कुछ भी नहीं हो सकता.

बागेश्वर धाम के युवा संत ने इसकी शुरुआत करके अपनी छवि का लोक व्यापीकरण किया है. जो समाज से जुड़ेगा, जो सेवा से जुड़ेगा राजनीति उससे अपने आप जुड़ जाएगी. हर वह धाम राजनीति का धाम बन जाएगा, जहां जन विश्वास होगा, जहां जन सेवाओं का इतिहास बनाया जाएगा.

# मोदी का मोटापामुक्त भारत : स्वास्थ्य-क्रांति का आधार

**ललित गर्ग**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने शासन में भारतीय लोगों के स्वास्थ्य को लेकर निरन्तर कदम उठाते हुए स्वस्थ भारत निर्मित करने के उपक्रम किये हैं। विकसित भारत-नये भारत-सशक्त भारत का आधार स्वस्थ भारत ही है। मोदी युग ने स्वास्थ्य के प्रति भारत के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण मोड़ को चिह्नित करते हुए मोटापे से जुड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों को संबोधित करने और मोटापे को नियंत्रित पर अधिक ध्यान दिया गया। मोदी ने मोटापे के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है, जिसमें भारतीयों से अपने खाना पकाने के तेल की खपत को कम करने का आग्रह किया। मोटापा कई जीवनशैली से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, जैसे दिल की बीमारी, टाइप 2 डायबिटीज, स्ट्रोक, सांस लेने में समस्याएं और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं जैसे चिंता, तनाव और अवसाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 फरवरी को मन की बात के 119वें एपिसोड में हेल्थ का जिक्र करते हुए कहा था, एक फिट और स्वस्थ भारत बनने के लिए हमें ओबेसिटी (मोटापा) की समस्या से निपटना ही होगा। एक स्टडी के मुताबिक, आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है। बीते सालों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। मोटापे को नियंत्रित करने की मुहिम एक सामयिक एवं सराहनीय कदम होने के साथ स्वास्थ्य-क्रांति का आधार है।

प्रधानमंत्री ने सेहत के प्रति जागरूकता लाने और इस क्रम में मोटापे से लड़ने के लिए अपने-अपने क्षेत्र के दस जाने-माने लोगों को नामांकित कर यही रेखांकित किया कि इस समस्या की गंभीरता को समझने एवं समय रहते इसको नियंत्रित करने की अपेक्षा है। उन्होंने आनंद महिंद्रा, दिनेश लाल यादव निरहुआ, मनु भाकर, मीराबाई चानू, मोहनलाल, नंदन नीलेकणि, उमर अब्दुल्ला, आर. माधवन, श्रेया घोषाल, सुधा मूर्ति को नामांकित करते हुए यह अपेक्षा जताई कि ये सभी मोटापे के खिलाफ क्रांति की अलख जगाने के साथ खाद्य तेल की खपत कम करने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करेंगे। प्रधानमंत्री ने इन लब्ध प्रतिष्ठित हस्तियों से दस-दस और लोगों को इसी अभियान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नामांकित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री की यह पहल कुछ वैसी ही है, जैसी उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को प्रारंभ करते समय की थी। मोदी की मोटापे नियंत्रण से जुड़ी इस जनोपयोगी पहल से देश मे मोटापे के प्रति चेतना जाग्रत होगी और लोग मोटापे को नियंत्रित करने में सफल होंगे।



मोटापा वर्तमान युग की एक व्यापक स्वास्थ्य समस्या एवं एक दीर्घकालिक बीमारी है, जो कई स्वास्थ्य समस्याओं एवं असाध्य बीमारियों का कारण बन सकती है और आपके जीवन को छोटा कर सकती है। दुनिया भर में मोटापे के शिकार एक अरब से ज्यादा लोगों में 88 करोड़ लोग वयस्क हैं जबकि 15 करोड़ 90 लाख बच्चे हैं। महिलाओं में मोटापा बढ़ने की सबसे तेज़ गति देखने को मिल रही है। आज मोटापा समस्या नहीं महामारी बन गया है। मोटापे ने महामारी का ऐसा रूप धारण किया कि इसने भुखमरी को भी पीछे छोड़ दिया है। भूखमरी से जितनी मौतें होती हैं उससे कई ज्यादा मौतों की वजह अब मोटापा बन गया है। यूएन रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 5 से 9 साल के बीच के 13.1 करोड़ बच्चे, किशोरावस्था वाले 20.7 करोड़ और 200 करोड़ वयस्क लोग मोटापे के शिकार है।

अच्छी सेहत के बिना जीवन का कोई महत्व नहीं है, सेहत ठीक नहीं होगी तो व्यक्ति दुखी, तनावग्रस्त और रोगी बना रहता है। सेहत ही सबसे बड़ा धन है। ये बात जो लोग समझते हैं, वे अपनी सेहत के लिए बहुत सतर्क रहते हैं। अच्छे स्वास्थ्य की सबसे बड़ी बाधा मोटापा है, जब कोई व्यक्ति ऊर्जा के रूप में उपयोग की जाने वाली कैलोरी से अधिक कैलोरी का उपभोग करता है, तो उसका शरीर अतिरिक्त कैलोरी को वसा के रूप में संग्रहीत कर लेता है। इसी से मोटापा पनपता है। शारीरिक श्रम की कमी पेट पर मोटापा जमा होने का एक प्रमुख कारण है। आजकल की जीवनशैली में अधिकतर लोग 9-10 घंटों तक एक जगह बैठकर काम करते हैं और शारीरिक गतिविधि न के बराबर करते हैं। इससे शरीर में जमा हुई अतिरिक्त कैलोरी को बर्न करने में कठिनाई होती है और ये कैलोरी मोटापे के रूप में बदल जाती है। तनाव और नींद की कमी भी मोटापा बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। जब हम तनाव में होते हैं, तो शरीर में कोर्टिसोल का स्तर बढ़ता है, जो पेट के आसपास चर्बी जमा करने का काम करता है। नींद की कमी से मेटाबोलिज्म पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और शरीर अधिक चर्बी जमा करने के लिए प्रेरित होता है। इसके अलावा, कुछ खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल और पेय पदार्थ-विशेषकर वे जिनमें वसा और शर्करा की मात्रा अधिक होती है-वजन बढ़ने की अधिक संभावना रखते हैं।

लोगों में मोटापा बढ़ने के कई कारण हैं, जिनमें अति भोजन, अहितकर भोजन और प्रतिकूल भोजन के अलावा व्यायाम की कमी और तनाव शामिल हैं। पोषण में सुधार, गतिविधि बढ़ाने और जीवनशैली में अन्य बदलाव करने से लोगों के मोटापे को कम करने में मदद मिल सकती है। मोदी की पहल से मोटापा नियंत्रित करने के अनुकूल परिणाम तभी सामने आ सकते है, इसमें वांछित सफलता तभी संभव है, जब आम लोग यह समझेंगे कि स्वस्थ जीवनशैली उन्नत राष्ट्र ही नहीं, उन्नत स्वास्थ्य का आधार है। आज की सुविधा एवं भौतिकतापूर्ण जीवनशैली मोटापा बढ़ाने का काम कर रही है। अब लोग उतना शारीरिक श्रम नहीं करते, जितना पहले अपनी सामान्य दिनचर्या के तहत किया करते थे। मोटापे को नियंत्रित करने में योग, ध्यान, प्रातःभ्रमण एवं व्यायाम की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। किसी विचारक ने लिखा भी है कि मनुष्य के सबसे बड़े चिकित्सक हैं- शांति, प्रसन्नता और खुराक।' यह हकीकत है कि लोग यदि खानपान में संयम एवं सतर्कता बरतें, शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं और योग-व्यायाम को जीवन का हिस्सा बना लें तो मोटापे को भगा सकते हैं।

मोटापे अनेक बीमारियों का घर है, जो केवल कार्यक्षमता को कम करने का ही काम नहीं करता, बल्कि स्वास्थ्य पर खर्च भी बढ़ाता है। जीवन को जटिल एवं अस्तव्यस्त बना देता है। निरोगी लोग किसी भी देश के लिए एक बड़ी पूंजी होते हैं। जब शरीर स्वस्थ रहता है तो लोग मानसिक एवं भावनात्मक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं और वे अपना काम कहीं अधिक तत्परता एवं निपुणता से करते हैं। इसका लाभ केवल उन्हें ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और देश को भी मिलता है। यही सशक्त एवं विकसित भारत का आधार भी है। यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वस्थ जीवन शैली की जरूरत को समझा, लेकिन इसके लिए जागरूकता अभियान छेड़ने के साथ ही मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने के लिए भी कुछ करना होगा। मोदी की यह पहल जहां स्वास्थ्य क्रांति का माध्यम बनेगी, वहीं मिलावट नियंत्रण के प्रति भी जागरूकता पैदा करेंगी। यह किसी से छिपा नहीं कि अपने देश में बड़े पैमाने पर मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री बनती एवं बिकती है। इसमें एक बड़ा हिस्सा उस खाद्य सामग्री का होता है, जो सड़क किनारे की दुकानों पर मिलती है। इस सामग्री में केवल खाद्य तेल की मात्रा ही अधिक नहीं होती, बल्कि वह मिलावटी भी होता है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी के चलते दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री घरों में भी इस्तेमाल होती है। इनमें खाद्य तेल एवं घी प्रमुख है। आज जब बाजार का खाना खाने का चलन बढ़ रहा है, तब सरकार को यह सुनिश्चित करना ही चाहिए कि उसकी शुद्धता एवं गुणवत्ता से कोई समझौता न होने पाए। इसी अभिक्रम से भारत का जन-जन स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और स्वस्थ भावनाओं का अखूट वैभव लिये शक्ति, स्फूर्ति, शांति, आनन्द एवं शारीरिक संतुलन से भरपूर दिव्य जीवन की यात्रा के लिये प्रस्थित हो सकता है। इससे हम मोटापा-मुक्त स्वस्थ भारत के संकल्प को हकीकत बना सकते हैं। स्वस्थ भारत का यह संकल्प ही कालांतर विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में मददगार हो सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# रमजान में सफाई एवं विद्युत व्यवस्था को लेकर एसडीएम को दिया गया ज्ञापन



**सिरोंज।** मार्च माह में शुरू हो रहे हैं रमजानों को लेकर मुस्लिम त्यौहार कमेटी , जिला वक्फ कमेटी एवं मुस्लिम महासभा ने संयुक्त रूप से अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी को ज्ञापन सौंपा जिसमें मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला उपाध्यक्ष हाफिज शम्स कमर,जिला वक्फ कमेटी सह सचिव डॉ रज़ी खान,मुस्लिम महासभा जिला अध्यक्ष एडवोकेट शोएब खान,मुस्लिम महासभा तहसील अध्यक्ष अल्ताफ खान ने कहा कि मार्च से रमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है इस दौरान रात्रि में विशेष नमाज भी पढ़ी जाती है नगर की मस्जिदों के आस पास विशेष सफाई कराई जाए साथ ही रात्रि में सहरई की जाती है और शाम को रोजा अवतार किया जाता है और तराबी की नमाज अदा होती है ऐसे समय विद्युत कटौती न की जाए ज्ञापन में कहा कि यदि विद्युत सप्लाई बंद की शिकायतें मिलती है तो उन पर तत्काल संज्ञान लिया जाए । जिला वक्फ कमेटी के सह सचिव डॉ रज़ी खान ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन हर त्यौहार में अपनी अग्रणी भूमिका निभाकर नगर को साफ स्वच्छ बनाए रखता है ऐसे में हम उम्मीद करते है कि पवित्र रमजान माह में भी संपूर्ण मस्जिदों के आसपास साफ होगी।

# 42 महिलाओं को दिलाया गया सिलाई प्रशिक्षण सेंटर आरसेटी में हुआ आयोजन



**मंडला।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (सेंट आरसेटी) मंडला द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित कराने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कराए जाते हैं। इसी क्रम में स्व-सहायता समूह एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाली महिलाओं को महिला सिलाई का 30 दिवसीय प्रशिक्षण 24 जनवरी से 22 फरवरी तक प्रदान किया गया। 42 महिलाओं ने यह प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान सलवार सूट, लेगी, स्कूल ड्रेस इत्यादि वस्त्र बनाने और उद्यमी विकास के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों का लिखित एवं मौखिक मूल्यांकन लिया गया। कार्यक्रम में आर सेटी निर्देशक राजेश रॉय द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए बैंक लोन एवं बीमा की जानकारी दी गई।कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।कार्यक्रम में राजीव शर्मा,केके अवस्थी,यश मोहन उसराठे एवं अमित यादव, अमन पटेल उपस्थित थे।

# दिगम्बर जैन पंचायत समिति में नवीन संरक्षकगण नियुक्त किये



**आष्टा।** दिगम्बर जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल द्वारा समिति का विस्तार करते हुए पंचायत समिति में धर्मनिष्ठ व समर्पित समाज सेवीजनो को नवीन संरक्षक नियुक्त किया गया है जिसमे सर्वश्री रमेश जैन आदिनाथ , पवन जैन अलीपुर पूर्व अध्यक्ष , धनरूपमल जैन पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष,मुकेश बड़जात्या पूर्व महामन्त्री , नगर के वरिष्ठ अनाज व्यापारी मनोज जैन सुपर को समिति में संरक्षक पद का दायित्व सौपा गया है, वही पूर्व संरक्षकगणो में वरिष्ठ समाजसेवी आदरणीय कैलाश चंद जी जैन श्री दिलीप सेठी श्री विधान चंद श्रीमोड़ धनरूपमल जैन मनोज जैन सुपर का अपने कार्यकाल में दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है ।

समस्त संरक्षकगणो को महामन्त्री कैलाश जैन चित्रलोक निर्मल जैन संजय जैन सात्विक हेमन्त जैन प्रकाश जैन ,सचिन जैन विकाश जैन सन्दीप जैन मनोज जैन, धीरज जैन, रत्नेश जैन ,अरिहन्त जैन,अमन जैन मुकेश जैन मावा आदि ने संरक्षकगणो को बधाई प्रेषित की है।

# मप्र में खुलने जा रहा है ओंकारेश्वर अभयारण्य



**खंडवा।** मध्य प्रदेश के खंडवा और देवास जिलों में एक नया अभयारण्य बन रहा है, जिसे ओंकारेश्वर अभयारण्य कहा जाएगा। यहां पर्यटक दो ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के साथ-साथ जंगल सफारी का रोमांच भी अनुभव करेंगे।

मध्य प्रदेश के खंडवा और देवास जिले में एक नया अभयारण्य तैयार हो रहा है। इसका नाम ओंकारेश्वर अभयारण्य होगा, जहां पर्यटकों को दो ज्योतिर्लिंगों का दर्शन और जंगल सफारी का अनुभव मिलेगा। यह अभयारण्य राज्य की राजधानी भोपाल और इंदौर से नजदीक है। इसके अलावा, यह उज्जैन से करीब 180 किलोमीटर दूर स्थित है। यहां महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर के प्रमुख ज्योतिर्लिंगों का दर्शन भी किया जा सकेगा।

## ओंकारेश्वर अभयारण्य का क्षेत्र और विकास योजना

ओंकारेश्वर अभयारण्य का कुल क्षेत्रफल 61 हजार 407.09 हेक्टेयर प्रस्तावित है। इसमें खंडवा जिले का 34 हजार 559.19 हेक्टेयर और देवास जिले का 26 हजार 847.90 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल होगा। वन विभाग ने वन समितियों और जनप्रतिनिधियों से सहमति प्राप्त कर ली है। अब इस प्रस्ताव को भोपाल भेजा गया है। देवास क्षेत्र में काम प्रगति पर है और जल्द ही वहां भी विकास कार्य शुरू होंगे।

## प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन स्थल

खंडवा के जंगलों में प्राकृतिक सुंदरता का भरपूर खजाना है। यहां पर्यटकों को जल, जंगल और टापू देखने का मौका मिलेगा। खंडवा जिले के मूंदी क्षेत्र में 31 टापू और चांदगढ़ क्षेत्र में 21 टापू विकसित किए जाएंगे। बोरियामाल और जलचौकी धारीकोटला जैसे टापू पहले से ही पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं। इसके अलावा, अभयारण्य में इंदिरासागर बांध के आसपास का क्षेत्र भी पर्यटकों के लिए दिलचस्प होगा।

## वाइल्डलाइफ और जैव विविधता का संरक्षण

ओंकारेश्वर अभयारण्य में जंगलों में अभी 110 तेंदुए सक्रिय हैं। पहले यहां 84 तेंदुए थे, लेकिन हाल ही में 26 और तेंदुए यहां छोड़े गए हैं। इसके अलावा, यहां बाघ , रीछ , सियार , लकड़बग्गा , मोर, चीतल, सांबर और चिंकारा जैसे जानवर भी रहते हैं। यहां की लकड़ी में सागौन, सालई और धावड़ा जैसी प्रजातियां पाई जाती हैं। 2017 में यहां बाघ का भी मूवमेंट देखा गया था।

## आर्थिक संभावनाएं और रोजगार के अवसर

अभयारण्य बनने से पर्यटन उद्योग को नई दिशा मिलेगी। हालांकि, इस परियोजना की स्वीकृति का इंतजार अभी बाकी है, लेकिन होटल और रिजॉर्ट के लिए व्यापारी पहले ही जमीन की तलाश में जुट चुके हैं। इस परियोजना के पूरी तरह से विकसित होने के बाद होम स्टे कल्चर भी बढ़ेगा। इसके अलावा, यह अभयारण्य क्षेत्र में स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। वन विभाग के अधिकारी राकेश डामोर ने कहा कि यहां कोई विस्थापन नहीं होगा, क्योंकि यहां कोई राजस्व गांव या वन ग्राम नहीं है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला निष्पादन समिति द्वारा की जा रही है मदिरा दुकानों/समूहों के निष्पादन की कार्यवाई




**औबेदुल्लागंज( संवाददाता)।** मध्यप्रदेश शासन की वर्ष 2024-25 की नवीन आबकारी नीति के अनुसार जिला रायसेन के 20 मदिरा समूह के मूल्य में 20 प्रतिशत की वृद्धि की जाकर लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जो कि नवीनीकरण, लॉटरी, टेण्डर तथा टेण्डर एवं नीलामी के द्वारा निष्पादित किया जायेगा। इसके साथ ही यह शर्त भी जोड़ी गयी है कि नवीनीकरण एवं लॉटरी के साथ राजस्व लक्ष्य का 80 प्रतिशत प्राप्त होने पर ही उसे स्वीकृत किया जायेगा । निष्पादन का कार्य रायसेन कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिला निष्पादन समिति द्वारा किया जा रहा है। इन निर्देशों के पालन में सर्वप्रथम 21 फरवरी को नवीनीकरणों के आवेदन प्राप्त करते हुए लक्ष्य का 69.47 प्रतिशत राजस्व प्राप्त किया गया। आज दिनांक 27 फरवरी को शेष रहे 04 समूहों पर लॉटरी आमंत्रित की गयी जिसमें से 02 समूहों मण्डीदीप एवं दीवानगंज पर लॉटरी आवेदन प्राप्त हुए । इस प्रकार रायसेन जिले को कुल 3356723378/- रूपये जो कि कुल राजस्व का 89.18 प्रतिशत है, प्राप्त हो चुका है। सहायक आबकारी आयुक्त जिला रायसेन वंदना पाण्डेय द्वारा बताया गया है कि जिले में मात्र 02 मदिरा समूह औबेदुल्लागंज एवं नकतरा ही शेष है जिनका निष्पादन ई-टेण्डर के माध्यम से निष्पादन की कार्यवाही की जावेगी एवं जिले के निर्धारित आरक्षित मूल्य को प्राप्त किया जायेगा ।

# कचरा फेंकने वाले 4 व्यक्तियों के किए चालान, 2 हजार का जुर्माना लगाया

**छतरपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 को लेकर पूरे शहर में तैयारी चल रही है। नगरपालिका छतरपुर ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं आगे आकर शहर को स्वच्छ बनाए रखने में अपना योगदान दें। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नगरपालिका छतरपुर द्वारा गुरुवार को कचरा फेंकने, गंदगी फैलाने वाले 4 व्यक्तियों के चालान किए तथा उन पर 2 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इनमें 4 व्यक्तियों पर पांच-पांच सौ रुपये का जुर्माना किया गया है। यह कार्रवाई आकाशवाणी तिराहा के आसपास के क्षेत्र में की गई। अगर आपने सार्वजनिक स्थानों, सड़क आदि पर गंदगी फैलाई तो आपका चालान किया जाएगा। छतरपुर नगरपालिका की टीमें वार्डों में लगातार निगरानी कर रही हैं तथा गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही गंदगी फैलाने वालों को स्पष्ट चेतावनी दी गई ।

# चना, मसूर एवं सरसों फसल को समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए 10 मार्च तक कराएं पंजीयन

**छतरपुर।** रबी मौसम 2025 में किसानो को चना, मसूर एवं सरसों फसल की उपज शासन के समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए किसानों का पंजीयन 10 मार्च 2025 तक किया जा रहा है तथा उपार्जन अवधि 25 मार्च से 31 मई 2025 तक प्रस्तावित की गई है। उपसंचालक कृषि के. के. वैद्य ने किसानो से अपील की है कि जो किसान चना, मसूर एवं सरसों फसल की उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय करना चाहतें हैं। गेहूं के पंजीयन केंद्रों मे आधार नम्बर, बैंक खाता, फसल बुवाई प्रमाण पत्र लेकर निरूशुल्क पंजीयन करा सकते है। किसान यह सुनिश्चित कर लें कि उसका बैंक खाता, कृषि भूमि, आधार एवं मोबाइल नंबर से लिंक है कि नहीं जिससे बाद की परेशानी से बचा जा सके।

# भाजपा विधायक डॉ योगेश कहेंगे तो जरूर विचार करुंगा कांग्रेस मे कुंठित था अब स्वतंत्र हूँ : खातरकर



**योगेश गुप्ता बैतूल।** सारनी क्षेत्र के युवा नेतृत्व नारायण खातरकर का ब्लाक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पद से इस्तीफ़ा देने की एक विचित्र वजह रही। जिसके कारण जिले के सभी राजनैतिक दलो के नेताओ ध्यान खातरकर के पर आकर्षित हो गया है। अपने इस्तीफे को लेकर प्रदेश कार्यलय भोपाल पंहुचकर योगेश देशमुख कार्यलय सचिव को अपना इस्तीफा सौंपा। तो श्री देशमुख ने बैतूल जिला अध्यक्ष अनुराग मिश्रा से फोन पर चर्चा की तब मिश्रा ने आमला बोरदेही सारणी कार्यकारणी को भंग किया जाना बताया। सांध्य प्रकाश ब्यूरो गुप्ता से चर्चा मे नारायण खातरकर ने बताया की बीस पिछले वर्षो से वे कांग्रेस कार्यकर्ता रहे है। कहा जिले में कांग्रेस की गुटबाजी समाप्त नही हो रही। जिससे सच्चे कार्यकर्त्ता धर्म संकट में रहते है। पार्टी में कुंबी समाज से सबंधित नेतृत्व द्वारा जान बूझकर अनुसूचित जाति ह्यष समाज वर्ग के भाजपा विद्यायक योगेश पंडाग्रे को अपमानित किया जा रहा है। जिसको लेकर सोशल मीडिया में प्रतिक्रिया भी आ रही थी। जिससे कांग्रेस पार्टी का सम्मान अनुसूचित जाति वर्ग में कम हुआ है। और उन्हें अपनी जाति धर्म के जनप्रतिनिधि का अपमान होता देखना भी पड़ा है। जिससे समाज भी मुझसे सवाल कर रहा है। कि क्या कांग्रेस का यही चरित्र है।जिसके तुम पदाधिकारी हो। इन सभी परिस्तिथियों के कारण कुंठित हो चुके थे। इसलिए पद से इस्तीफा दिया है। उन्होंने बताया कि निलय डागा से भी फोन पर चर्चा हूई है। उन्होने निवास कार्यलय बुलाकर चर्चा करने बात कही है। खातरकर ने कहा कि वे अब कांग्रेस विचार धारा से कोई वास्ता नही रखना चाहते। उन्होने कहा कि समाज और क्षेत्र की जनता उनसे जुड़ी हुई है। बल्कि अपेक्षा भी रखती है। उन्होंने कहा है। कि पंडाग्रे विधायक के अपमान के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष की कोई प्रतिक्रिया सामने नही आई। लेकिन आज पूरा महार समाज का योगेश पंडाग्रे को समर्थन करता है। क्योंकि अपमान को लेकर समाज को आघात हुआ था। जब खातरकर से भाजपा में शामिल होने की बात पूछी गई तो उन्होंने कहा वे पंडाग्रे के धैर्य और सभी समाज के प्रति एक जैसी सदभावना और समर्पित भाव से प्रभावित है। और समाज क्षेत्र की जनता की सेवा करने के साथ क्षेत्र के विकास कार्यो में योगदान करना उनका उद्देश्य है। उन्होंने साफ़ कर दिया की भाजपा और व्यग्तिगत तौर पर विधायक पंडाग्रे को लगता है कि मुझे भाजपा में शामिल होकर तथा समाज सेवा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी लेना चाहिए। आमंत्रित करेंगे तो समाज की सलाह पर वह जरूर विचार करेंगे। जिससे आगे भाजपा में शामिल होने की संभावना रहेगी।

## इनका कहना है

नारायण खातरकर विधान सभा आमला में सामाजिक और कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं में बड़ा वर्चस्व रखते है। श्री खातरकर का इस्तीफ़ा देना और भाजपा में शामिल अगर हुए तो कांग्रेस को बड़ी क्षति होगी।

**मो. राफ़े बख्श वरिष्ठ कांग्रेस नेता**
**सारनी बैतूल**

# लखबीर सिंह लक्खा ने महोत्सव को भक्ति रस से सराबोर किया

## नोहलेश्वर महोत्सव में वर्चुअल जुड़े मुख्यमंत्री सफल आयोजन की



**दमोह ।** नोहलेश्वर महोत्सव के आठवें दिवस एक शाम, शिव और शक्ति के नाम रात्रि जागरण में सुप्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर किया। भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों से ऐसा शमां बांधा कि जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। लखबीर सिंह लक्खा ने मां दुर्गा, खाटू श्याम बाबा और भोलेनाथ का गुणगान किया। उन्होंने ÷प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, मेरी मैया ने ऐसी सौगात दे दी आदि माता के भजन सुनाकर भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया। भजन सम्राट ने ÷कीजो केसरी के लाल, मेरा छोटा सा ये काम जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर रात तक भक्तों को बांधे रखा। कार्यक्रम में देर रात तक भजनों की रसधारा बहती रही।

नोहलेश्वर महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा गणेश के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई कार्यक्रम में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह, अजय टंडन , अंबालाल पटेल, हाकम सिंह, छप्पन सिंह, राजेंद्र पटेल, राजा राय, विवेक सेन, कपिल सोनी, अंजू खत्री, नरेद्र जैन, आलोक गोस्वामी, सीमा जाट, संजय यादव, संजय सेन, गोपाल ठाकुर मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने की आयोजन की सराहना महाशिवरात्रि की दी बधाई

प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने देर रात्रि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ कर नोहटा महोत्सव आयोजित करने के लिए प्रदेश के संस्कृति राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी को सफल आयोजन के लिए बधाई दी एवं उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए महाशिवरात्रि की शुभकामनाएँ प्रेषित की । राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार व्यक्त किया और कहा आपने देर रात्रि कार्यक्रम से जुड़ कर हम सभी को संबोधित किया और जबेरा विधानसभा पर आप अपना स्नेह सदैव ऐसे ही बनाए रखने का आग्रह किया।

# 15 वर्ष से फरार हत्या का आरोपी को दमोह पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दमोह ।** पुलिस ने 15 वर्षों से फरार चल रहे हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सायबर टीम की मदद से गई है।

गिरफ्तारी में प्रमुख पुलिसकर्मियों की भूमिकाः ज़्थाना बटियागढ़, थाना कोतवाली पुलिस और थाना दमोह देहात प्रभारी मनीष कुमार, उपनिरी. शेषकुमार दुबे, सायबर टीम के प्र.आर.280 राकेश अठ्या, प्र.आर.353 सौरभ टंडन, आर.31 रोहित राजपूत, आर.37 मयंक दुबे और थाना कोतवाली दमोह से प्र.आर.90 डेलन सिंह, आर. 148 प्रदीप शर्मा, प्र.आर.3418 आदित्य साहू (क्राईम ब्राँच भोपाल) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**प्रारुप जी-8/छ-8**
**(मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 49-ड (3) के अंतर्गत)**
**कार्यालय - कृषक उत्पादक संगठन सहकारी संस्था मर्या. तिरला**
**पंजी क्रमांक 244272** — **दिनांक 21.05 2024**
क्रमांक / नि अधि/2025/क्यू — दिनांक 27.02.2025

**निर्वाचन कार्यक्रम**

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के आदेश क्रमांक / सह.नि प्रा / निर्वाचन-3/2025/800 दिनांक 05.02.2025 के द्वारा मुझे कृषक उत्पादक संगठन सहकारी संस्था मर्या. तिरला के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है, संचालक मंडल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु निम्नलिखित निर्वाचन कार्यक्रम निश्चित किया गया है जो कि सोसाइटी के समस्त सदस्यों के सूचनार्थ प्रकाशित करता हूँ,

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का दिनांक, स्थान, समय | दिनांक 06.03.2025 समय दोप. 12.00 बजे स्थान कार्यालय तिरला में श्री अश्विनी पाटीदार, कम्प्यूटर आपरेटर को अधिकृत किया जाता है |
| 2. | नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन | दिनांक 07.03.2025 को समय 12.00 बजे जांच पूर्ण होने तक स्थान तिरला |
| 3. | नामांकन पत्रों की वापसी का दिनांक तथा चुनाव लडने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चिन्हो का आवंटन | दिनांक 09.03.2025 समय 12.00 बजे से 3.00 बजे तक स्थान तिरला |
| 4. | विशेष साधारण सम्मिलन में चुनाव (मतदान) दिनांक एवं मतगणना | दिनांक 16.03.2025 समय 12.00 बजे से 3.00 बजे तक स्थान तिरला (चुनाव समाप्त होने के पश्चात एक घंटे बाद मतगणना प्रारंभ की जावेगी) |
| 5. | रिक्त स्थानों हेतु सहयोजन | दिनांक 17.03.2025 समय 12.00 बजे से स्थान तिरला |
| 6. | अध्यक्ष / उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटियों को जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना जारी करना | दिनांक 20.03.2025 स्थान तिरला |
| 7 | अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटियों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन दिनांक समय एवं स्थान | दिनांक 23.03.2025 समय 12.00 बजे से स्थान तिरला |

**योगेन्द्र शर्मा, रिटर्निंग अधिकारी**
**कृषक उत्पादक संगठन सहकारी संस्था मर्या. तिरला जिला धार**

# संडे का सुकून अब मालवा अंचल की पहचान






**मालवा।** अंचल के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कुंवर चैन सिंह की पवित्र शहीद भूमि शहर सीहोर पर युवा समाजसेवियों का संगठन संडे का सुकून लगातार समाज के निर्बल एवं असहाय लोगो की सेवा, प्रकृति संरक्षण एवम संवर्धन काम निरन्तर कर रहा है। सुशील कुमार जैन ने बताया कि जब हमारी भावनाएं पवित्र हो, दृढ़ संकल्प हो, लक्ष्य निश्चित हो, तो हमें आने वाली बाधाए लक्ष्य प्राप्ति से रोक नहीं सकती ,बल्कि सभी दृश्य अदृश्य शक्तियां हमारे पवित्र उद्देश्यों के लिए सहयोग करती है, यही कारण है कि संडे का सुकून आज मध्य प्रदेश में सीहोर जिले की पहचान का पर्याय बन चुका है।

संडे का सुकून समूह लगातार 100 दिन से भी ज्यादा सुकून की रसोई सरकारी अस्पताल में मरीज के साथ आए परिजन एवं गरीब लोगों के लिए संचालित कर चुका है। इसके साथ ही शहर में सौंदर्यीकरण के काम भी समूह सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर ऊर्जा और उत्साह के साथ निरंतर किए हैं। रविवार को भी संडे का सुकून टीम ने शहर को एक नयी सौगात दी। ग्रुप ने सीहोर शहर को मोक्ष वाहन और चलित प्याऊ वाहन की सौगात दी है। टीम ने रविवार को इस बाबत एक सादा कार्यक्रम शहर के होटल ब्लूस्टार में सादे रूप में आयोजित किया गया। जिसमें शहर के गणमान्य वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोक स्वस्थ एवं परिवार कल्याण विभाग मध्यप्रदेश के संचालक व सीहोर के पूर्व कलेक्टर प्रवीण सिंह मौजूद रहे। विशेष अतिथि के रूप में पत्रकार रविंद्र जैन, बसंत दासवानी मौजूद रहे। संडे का सुकून समूह सदस्यों एवम मुख्य अतिथि की उपस्थिति में मोक्ष वाहन और चलित प्याऊ की सौगात सीहोर शहर वासियों को दी,टीम संडे का सुकून निःशुल्क अंत्येष्टि का संकल्प भी रविवार लिया कि वो निःशुल्क अंत्येष्टि करेंगें। यह सुविधा ऐसे लोगों के लावरिस शवों और को दी जाएगी जिनका कोई नहीं हो या उनका परिवार अंत्येष्टि करने में सक्षम न हो, गरीब हो। कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि एवं सभी वरिष्ठ गणमान्य जनो ने आश्वस्त किया कि वह आगे भी संडे का सुकून के सभी पवित्र लक्ष्य एवं उद्देश्य में सहयोगी बनेंगे।

# जितने भी अधूरे कार्य है वह सभी शीघ्र पूर्ण होंगे : रायसिंह मेवाड़ा



**आष्टा।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के विकास पुरूष मुख्यमंत्री की हमेशा से मंशा रही है कि पंक्ति के अंतिम छोर के व्यक्ति तक लाभ कैसे और किस तरह से पहुंचाया जा सकें। उन्हीं की मंशानुसार नगर की भाजपा सरकार द्वारा भी कार्य किया जा रहा है। नगर में जितने भी अधूरे एवं क्षतिग्रस्त मार्ग है उन्हें हम अपने कार्यकाल के अंतिम तक पूर्ण करेंगे। परिषद नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने में कृतसंकल्पित है साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से भी नगरवासियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने वार्ड क्रमांक 16 अरिहंत कॉलोनी एवं वार्ड क्रमांक 15 सुभाष नगर में सीसी रोड़ निर्माण कार्य के भूमिपूजन के अवसर पर व्यक्त किए। दोनों निर्माण कार्यो का भूमिपूजन नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चैरसिया, पार्षदगण रवि शर्मा, तेजसिंह राठौर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि अरिहंत कॉलोनी में पूर्व में सीसी रोड़ बनाया गया था जिसका अधूरा कार्य संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा छोड़ दिया गया था, जिस पर नियमानुसार नगरपालिका द्वारा कार्यवाही की गई है। अब इस कॉलोनी का यह अंतिम मार्ग था जिसका आज भूमिपूजन संपन्न हुआ है शीघ्र ही निर्माण कार्य पूर्ण होकर यह मार्ग आपकी सुविधा के लिए तैयार हो जाएगा। साथ ही पेयजल हेतु पाईप लाईन बिछाई का कार्य भी सीसी रोड़ के साथ-साथ पूर्ण होगा।

# तुहिन कांत पांडेय सेबी के नए चीफ नियुक्त, माधवी पुरी बुच की लेंगे जगह



सरकार ने वित्त और राजस्व सचिव तुहिन कांत पांडेय को बाजार नियामक सेबी का चेयरमैन नियुक्त किया है। वह माधवी पुरी बुच का स्थान लेंगे, जिनका सेबी प्रमुख के रूप मे कार्यकाल 28 फरवरी को समाप्त हो रहा है। कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 1987 बैच के ओडिशा कैडर के आईएएस अधिकारी पांडेय को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) का चेयरमैन नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पदभार संभालने की तारीख से शुरू में तीन साल या अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए की गई है।

## डेटानेट इंडिया ने इंडियास्टेट क्विज़. कॉम के लॉन्च के साथ 25 साल पूरे किए

**मुंबई, एजेंसी।** भारत तथा इसके राज्यों, जिलों और चुनावी क्षेत्रों पर सामाजिक-आर्थिक सांख्यिकीय डेटा प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी डेटानेट इंडिया ने क्विज प्रतियोगिताओं और ओलंपियाड के लिए समर्पित मंच इंडिया स्टेट क्विज़ डाट काम के लॉन्च के साथ पोर्टफोलियो में वृद्धि करके अपनी स्थापना के 25वें वर्ष में प्रवेश किया है। इस नई पहल का उद्देश्य भारत के सामाजिक-आर्थिक और चुनावी परिदृश्य के बारे में सार्वजनिक जुड़ाव और जागरूकता बढ़ाना है। पिछले 25 सालों से डेटानेट इंडिया अपने मुख्य पोर्टल इंडिया स्टेट क्विज़ डाट काम के माध्यम से प्रामाणिक और उच्च गुणवत्ता वाले डेटा के लिए एक वेबसाइट के रूप में अपनी विश्वसनीयता स्थापित कर रहा है। इसके लॉन्च के हिस्से के रूप में, इंडिया स्टेट क्विज़ डाट काम भारतीय अर्थव्यवस्था- आर्थिक सर्वेक्षण 2024-2025 और केंद्रीय बजट 2025-2026 के विषय पर एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी आयोजित कर रहा है।

## अवीनो बेबी ने सेंसेटिव स्किन केयर पोर्टफोलियो का किया विस्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिशु की त्वचा स्वाभाविक रूप से नाजुक होती है, जिसे कोमल देखभाल और गहरी नमी की आवश्यकता होती है ताकि वह स्वस्थ, मुलायम और सुरक्षित बनी रहे। इसी को ध्यान में रखते हुए, अवीनो बेबी ने अपने उत्पादों की श्रृंखला में विस्तार करते हुए नई डेली मॉइस्चर हाइड्रेटिंग फेशियल जेल क्रीम लॉन्च की है। यह फेशियल जेल क्रीम त्वचा में तुरंत समा जाती है और 24 घंटे तक नमी बनाए रखती है, वह भी बिना किसी चिपचिपाहट के। इसमें मौजूद ट्रिपल ओट एक्सट्रैक्ट और एवोकाडो ऑयल त्वचा को गहराई से पोषण देते हैं, उसे सुकून पहुंचाते हैं और नाजुक चेहरे की त्वचा की कोमलता बनाए रखते हैं। शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा अनुशंसित यह कोमल फॉर्मूला आपके नन्हें की त्वचा को हर दिन नमी और सुरक्षा का खास अहसास देता है।

## सैमसंग ने प्रीमियम डिज़ाइन और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के साथ स्मार्टफोन सर्विस सेंटर्स में किया बड़ा बदलाव

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने सर्विस सेंटर्स को नए सिरे से डिजाइन करके अपने स्मार्टफोन कस्टमर सर्विस अनुभव को बेहतर बनाया है। इस बदलाव का मकसद है कि लोगों को सर्विस भी आसानी से मिले और नए फोन खरीदने में भी मदद मिले। सैमसंग हमेशा से अच्छी सर्विस देने के लिए जाना जाता है, और यह कदम उनकी इस कोशिश को और भी मजबूत करता है। सैमसंग ने अपने सर्विस सेंटर्स को नया रूप दिया है ताकि लोगों को हर तरह से अच्छी सुविधा मिल सके। नए डिज़ाइन किए गए सेंटरों में, सैमसंग के युवा ग्राहकों की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए, नई डिजिटल तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। यहाँ न सिर्फ अलग-अलग तरह के प्रोडक्ट देखने को मिलेंगे, बल्कि आधुनिक डायग्नोस्टिक टूल्स तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देंगे। इन टूल्स से फ़ोन की खराबी का भी सटीकता से पता लगाया जा सकेगा, जिससे समस्या का सही समाधान हो सके।

## कोटक महिंद्रा बैंक ने अपनी नई ग्रुप ब्रांड फिलॉसफी 'हौसला है तो हो जाएगा' लॉन्च की

**मुंबई, एजेंसी।** कोटक महिंद्रा बैंक ने आज अपनी नई ग्रुप ब्रांड फिलॉसफी 'हौसला है तो हो जाएगा' लॉन्च की है। यह सिर्फ एक विचारधारा नहीं, बल्कि कोटक के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। यह नई और दमदार ब्रांड फिलॉसफी कोटक की उस प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है, जिसके तहत वह सिर्फ एक बैंक बनकर नहीं, बल्कि आकांक्षी भारतीयों के लिए एक भरोसेमंद वित्तीय संस्थान बनने का लक्ष्य रखता है। इस विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने के लिएकोटकएक बड़े स्तर पर मल्टी-चैनल मार्केटिंग कैंपेन शुरू कर रहा है, जो टेलीविजन, डिजिटल, प्रिंट, आउटडोर और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चलेगा। रोहित भसीन, प्रेसिडेंट - हेड अफ्लुएंट, एनआरआई, बिजनेस बैंकिंग और चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, कोटक महिंद्रा बैंकने कहा,'हौसला है तो हो जाएगा' सिर्फ एक ब्रांड फिलॉसफी नहीं, बल्कि कोटक के एक बड़े बदलाव की शुरुआत है।

## नेस्ले इंडिया ने महाकुंभ 2025 में रचा सौहार्द्र और एकजुटता का माहौल

**मुंबई, एजेंसी।** नेस्ले इंडिया महाकुंभ में बहुत सारी मज़ेदार चीज़ें करने के लिए तैयार है, जिनसे लोगों को अच्छा लगेगा, उन्हें आराम मिलेगा और सब एक-दूसरे से मिल-जुल पाएंगे। इसमें मैगी और किटकैट जैसे उनके मशहूर ब्रांड भी होंगे, और वो हर आगंतुक के अनुभव को और भी खास बना देंगे। दुनिया के इतने बड़े मेले में, नेस्ले चाहता है कि सब लोग एक साथ आएं, थोड़ी देर आराम करें और खुशी के पल बिताएं। इसकी सभी गतिविधियों में एक प्रमुख गतिविधि है मैगी महाकुंभ कैम्पेन ''2 मिनट अपनों के लिये'', जिसमें लोगों को साथ लाने के लिये मैगी की भूमिका के बारे में बताया गया है। मैगी ने इसके लिये खास ब्रैंडेड ज़ोन्स और डेडिकेटेड सेल्फी पॉइंट्स स्थापित किये हैं।

## सुप्रीम कोर्ट में हुई किसान आंदोलन पर सुनवाईःकेंद्र व किसानों में हुई दो बैठकें, तीसरी मीटिंग 19 को, डल्लेवाल की तबीयत नाजुक

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसान आंदोलन 2.0 को शुरू हुए एक साल से ज्यादा हो गया है। वहीं किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन 95वें दिन में प्रवेश कर गया है। हालांकि, चार दिनों से उनकी तबीयत खराब है। दूसरी तरफ आज किसान आंदोलन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। इस मौके शीर्ष अदालत को सरकारी वकीलों ने बताया कि किसानों और केंद्र सरकार के बीच 14 और 22 फरवरी को दो मीटिंग हो चुकी हैं, जबकि अगली मीटिंग 19 मार्च तय है। मीटिंग में राज्य सरकार के दो मंत्री भी शामिल हुए हैं।

# महाकुंभ ने लगाया आस्था और अर्थ का जादू, 45 दिन में 4 लाख करोड़ का कारोबार



### यह आंकड़ा उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा वरदान साबित हुआ

**प्रयागराज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी प्रयागराज में 144 साल बाद लगा महाकुंभ मेला आस्था के साथ-साथ अर्थ के मामले में भी ऐतिहासिक साबित हुआ। 45 दिनों तक चले इस महाकुंभ के दौरान 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई और इस दौरान 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ। यह आंकड़ा उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा वरदान साबित हुआ है।

### 100 से अधिक देशों से पहुंचे श्रद्धालु

महाकुंभ के दौरान 100 से अधिक देशों के श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे। इससे न केवल पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को फायदा हुआ, बल्कि ट्रांसपोर्ट, खाद्य, रिटेल और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में भी भारी उछाल देखने को मिला। यूपी सरकार को इस दौरान 25 हजार से 30 हजार करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

### योगी सरकार की बड़ी उपलब्धि

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ की सफलता को राज्य की बढ़ती क्षमता से जोड़ते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक था, बल्कि इसने यूपी की अर्थव्यवस्था को 3 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ पहुंचाया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ ने यूपी को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दी है।

### प्रयागराज के साथ अन्य धार्मिक स्थलों को भी मिला फायदा

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के साथ-साथ काशी, अयोध्या, चित्रकूट और मिर्जापुर जैसे धार्मिक स्थलों का भी दौरा किया। इससे इन क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियां तेज हुईं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ, जबकि पूरे क्षेत्र में कुल कारोबार 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा।

# महाकुंभः राज्य सरकार ने सफाई कर्मचारियों को दी बड़ी सौगात



**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में स्वास्थ्य कर्मचारियों को 10 हजार रुपये का बोनस देने की घोषणा की है। यह बोनस अप्रैल महीने से कर्मचारियों के बैंक खातों में जमा किया जाएगा। महाकुंभ 2025 का आयोजन आधिकारिक रूप से समाप्त हो चुका है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रयागराज पहुंचे, जहां उन्होंने महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए सफाई और स्वास्थ्य कर्मचारियों को विशेष पुरस्कार देने की घोषणा की। इस दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या और ब्रजेश पाठक भी उनके साथ थे। योगी ने ऐलान किया कि महाकुंभ में लगे सफाईकर्मियों को 10 हजार रुपये का अतिरिक्त बोनस देने की बात कही। इसके साथ ही, कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 16,000 रुपये प्रति माह करने की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि महाकुंभ में काम कर रहे सभी कर्मचारियों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। इसके अलावा, अप्रैल महीने से एक नया निगम गठित होगा, और उसी समय से कर्मचारियों के खाते में रुपये भी भेजे जाएंगे।

**अप्रैल से खाते में आएंगे रुपएः** मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि पहले सफाईकर्मियों को आठ से ग्यारह हजार रुपये मासिक मिलते थे, लेकिन अब अप्रैल से उनका वेतन कम से कम 16 हजार रुपये प्रति माह किया जाएगा। इसके साथ ही, कर्मचारियों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़कर जन आरोग्य बीमा भी प्रदान किया जाएगा। महाकुंभ के दौरान यूपी सरकार ने एक बड़ा समन्वित सफाई अभियान चलाया, जिससे गिनीज रिकॉर्ड भी बना। सीएम और डिप्टी सीएम ने गिनीज रिकॉर्ड का प्रमाणपत्र प्राप्त किया।

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला**

# जीएसटी और सीमा शुल्क एक्ट के मामलों में अब गिरफ्तारी से पहले जमानत के लिए कर सकेंगे अपील



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने 27 फरवरी 2025 को एक ऐतिहासिक निर्णय सुनाया, जिसमें जीएसटी और सीमा शुल्क एक्ट के तहत संभावित गिरफ्तारी का सामना कर रहे लोगों को अग्रिम जमानत लेने का अधिकार दिया गया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस प्रावधान का पालन गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स और कस्टम्स एक्ट के तहत भी किया जाएगा, जिससे आरोपित व्यक्ति गिरफ्तारी या एफआईआर दर्ज होने से पहले ही अग्रिम जमानत के लिए अदालत में अपील कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ जीएसटी या सीमा शुल्क एक्ट के तहत गिरफ्तारी का खतरा है, तो वह एफआईआर दर्ज होने से पहले भी अदालत से अग्रिम जमानत ले सकता है। इसका मतलब है कि आरोपी को गिरफ्तार करने से पहले ही उसे अदालत से सुरक्षा मिल सकती है, भले ही उसके खिलाफ कोई मुकदमा दायर न हुआ हो।यह फैसला 2018 में राधिका अग्रवाल द्वारा दायर याचिका के आधार पर आया था, जिसमें जीएसटी और कस्टम्स एक्ट के दंड प्रावधानों को चुनौती दी गई थी। इन प्रावधानों को भारतीय दंड संहिता और संविधान से संबंधित बताया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीआरपीसी और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधान, जो गिरफ्तारी से पहले राहत का प्रावधान करते हैं, वो अब जीएसटी और कस्टम्स एक्ट के तहत भी लागू होंगे। इसका मतलब यह है कि अब कोई भी व्यक्ति गिरफ्तारी से पहले अदालत में जाकर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है।

# मिनटों में 7 लाख करोड़ स्वाहा, शेयर बाजार में टूटा 28 साल का रिकॉर्ड



**मुंबई, एजेंसी।** शुक्रवार को शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। सेंसेक्स और निफ्टी, दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में खुले। बैंकिंग और आईटी सेक्टर के बड़े शेयरों में गिरावट की वजह से बाजार पर दबाव बना। निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ बयानों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। साथ ही, आंकड़ों का भी इंतजार था। सुबह 10.00 बजे बीएसई सेंसेक्स 1000 अंक यानी 1.34प्रतिशत गिरकर 73,602 पर था 450 भी 273 अंक यानी 1.21प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,271 पर कारोबार कर रहा था। इस गिरावट से बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 7.16 लाख करोड़ रुपये घटकर 385.94 लाख करोड़ रुपये रह गया। लगातार पांचवें महीने शेयर मार्केट में गिरावट आई है। 1996 के बाद यह पहला मौका है जब लगातार पांच महीने शेयर मार्केट में गिरावट आई है। 1996 के बाद यह पहला मौका है जब लगातार पांच महीने शेयर मार्केट में गिरावट आई। अमेरिका के बाजार में चिप बनाने वाली कंपनी के शेयरों में गिरावट के बादइंडेक्स के शेयर शुरुआती कारोबार में 4त्न तक गिर गए कंपनियों के लिए दिन अच्छा नहीं रहा। ऑटो इंडेक्स भी 2 प्रतिशत से ज्यादा नीचे खुला। बैंकिंग, मेटल, फार्मा, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑयल एंड गैस सेक्टर के इंडेक्स भी 1-2 तक नीचे कारोबार कर रहे है। लगभग हर सेक्टर में गिरावट देखने को मिली। शेयर मार्केट में आज गिरावट के कई कारण हैं। धीमी आर्थिक वृद्धि, कमजोर कमाई, ट्रंप की टैरिफ नीतियां और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने बेंचमार्क को सितंबर के अंत के उच्चतम स्तर से 14 प्रतिशत नीचे खींच लिया है। इस बीच Investors शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद जारी होने वाले दिसंबर तिमाही के GDP आंकड़ों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। अर्थशास्त्रियों के एक पोल से पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था इस तिमाही के दौरान वापस उछाल ले सकती है। ट्रंप ने गुरुवार को घोषणा की कि कनाडा और मेक्सिको से आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क 4 अप्रैल के बजाय 4 मार्च से लागू होगा। उन्होंने चीनी सामानों पर 10त्न शुल्क लगाया और यूरोपीय संघ से शिपमेंट पर 25प्रतिशत टैरिफ के वादे को दोहराया। बाजार में उतार-चढ़ाव का कारण बनी है।

# विज्ञान लोगों को आध्यात्मिक पथ पर चलने में सहयोग देने की सम्भावना व्यक्त कर रहाः महेश अग्रवाल





**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि प्रति वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता हैं। यह हर्ष का विषय है कि विज्ञान और धर्म, जो विपरीतधर्मी समझे जाते थे, अब समीप आते जा रहे हैं। विज्ञान में योग की प्रणालियों से लाभ उठाने के लिए अध्ययन हो रहे हैं और योग ने वैज्ञानिक रीति से अपनी बातें कहनी शुरू कर दी हैं। वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग भी योग के क्षेत्र में किया जाने लगा है। विज्ञान अब केवल भौतिक सत्ता से सम्बद्ध न रहकर सत्ता के आध्यात्मिक पहलुओं को खोजने में अधिकाधिक सक्रिय हो गया है। आध्यात्मिक प्रगति के फलस्वरूप प्राप्त हुए शारीरिक उपफलों को बुद्धिवादी वर्ग के समक्ष प्रस्तुत कर विज्ञान अब अवश्य ही योग, धर्म तथा आध्यात्मिक मार्गों की सम्भावनाओं तथा सत्य को उद्घाटित करेगा। आध्यात्मिक अनुभवों के तथ्य को जाँचने के लिए अब विभिन्न शोध किए जा रहे हैं। संत- ऋषि-मुनि, उच्चतर मन तथा उच्च स्तरीय चेतना एवं सजगता की चर्चा न जाने कब से करते आए हैं। योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि शरीर पर पड़ने वाले ध्यान के प्रभावों पर शोध करना आधुनिक विज्ञान का एक अत्यन्त रुचिकर विषय माना जाता है। यद्यपि ये शोध अभी प्रारम्भिक अवस्था में ही हैं, तथापि ये ध्यान से प्राप्त अनेक शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक लाभों को प्रकाशित कर रहे हैं। ऐसी सम्भावना प्रतीत होती है कि निकट भविष्य में विज्ञान लोगों को आध्यात्मिक पथगामी बनाने में बहुत अधिक सहायक होगा। आधुनिक मनोविज्ञान कई अर्थों में व्यक्ति के आध्यात्मिक विकास एवं मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य से एक साथ सम्बन्ध रखता है।

## तीन साल बाद फिर नौकरशाह के हवाले नियामक एयर इंडिया के निजीकरण का खाका बनाने वाले पांडेय अब चलाएंगे सेबी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तीन साल के अंतराल के बाद शेयर बाजार नियामक सेबी के प्रमुख के तौर एक अनुभवी नौकरशाह की वापसी हो रही है। नियमों के पक्के वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय तीन साल के लिए पूंजी बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रमुख होंगे। पांडेय 1987 बैच के ओडिशा कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं। वह माधबी पुरी बुच की जगह लेंगे, जिनका तीन साल का कार्यकाल शुक्रवार को समाप्त हो रहा है। बुच सेबी का नेतृत्व करने वाली पहली महिला और निजी क्षेत्र से चुनी गई पहली सेबी चेयरपर्सन भी हैं। बुच से पहले सेबी प्रमुख का पद ज्यादातर अनुभवी नौकरशाहों के पास ही रहा है। यह हालिया महीनों में किसी नियामक संस्था के शीर्ष पर नौकरशाह की दूसरी नियुक्ति है। दिसंबर 2024 में सरकार ने शक्तिकान्त दास की सेवानिवृत्ति के बाद राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का गवर्नर नियुक्त किया था। बुच ने अपने कार्यकाल में इक्विटी के तेजी से निपटान, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) खुलासे में वृद्धि तथा म्यूचुअल फंड पैठ बढ़ाने जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की, लेकिन उनके कार्यकाल के अंतिम वर्ष में काफी विवाद हुआ जब सेबी के कर्मचारियों ने ''कामकाज के गलत तरीकों'' के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था।


# गोदरेज इंटरप्राइजेज ग्रुप के लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस ने इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड्स 2024 में हासिल किए कई पुरस्कार

### डिज़ाइन में उत्कृष्टता के लिए विभिन्न श्रेणियों में आठ नवोन्मेषी उत्पादों को पुरस्कृत किया गया

**मुंबई ।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप की व्यावसायिक इकाई, लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस को इसके आठ अग्रणी उत्पादों के लिए प्रतिष्ठित इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार नवोन्मेष, बेहतर कार्यक्षमता और अत्याधुनिक डिज़ाइन के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

पुरस्कार हासिल करने वाले उत्पादों में होम डेकोर हैंडल- एचडीएच 01, एचडीएच 02, एचडीएच 03, एचडीएच 06, एचडीएच 07 और एचडीएच 10- के साथ-साथ स्लाइडिंग डोर के लिए वार्डरोब साइड लॉक और कैटस होटल इंटरकनेक्टेड लॉक शामिल हैं। ये उत्पाद आधुनिक भारतीय घरों की ज़रूरतों को पूरा करने से जुड़े नए दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो बेहतर उपयोगिता, मज़बूती और खूबसूरती प्रदान करते हैं। वे नए दौर के घरों में में सहज एकीकरण सुनिश्चित करते हुए नए उद्योग मानक स्थापित करते हैं।

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस के कार्यकारी उपाध्यक्ष और व्यवसाय प्रमुख, श्री श्याम मोटवानी ने कहा- नवोन्मेष और डिज़ाइन उत्कृष्टता, लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस की बुनियाद है। हर उत्पाद के डिज़ाइन पर बेहद ध्यान दिया जाता है और साथ ही यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है कि हर समाधान आर्किटेक्चर और डिज़ाइन के ताज़ातरीन रुझानों के अनुरूप होने के साथ-साथ व्यावहारिक रूप से भी बेहद उपयोगी हो। हर साल प्रतिष्ठित इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड्स जीतना घर की सुरक्षा, कार्यक्षमता और खूबसूरती के लिहाज़ से नए उद्योग मानक स्थापित करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।






मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सेंटर आफ एक्सीलेंस इन स्टेम एजुकेशन का विज्ञान भवन में शुभारंभ किया।



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सेंटर आफ एक्सीलेंस इन स्टेम एजुकेशन का विज्ञान भवन में विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी।




प्रदेश कांग्रेस कमेटी में पूर्व मुख्यमंत्री सांसद दिग्विजय सिंह का जन्म दिवस मनाया गया

# एमपी में बादल-बारिश के आसार

## 4 मार्च से बदल सकता है मौसम; इससे पहले 2 से 4ए बढ़ा रहेगा पारा



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मार्च के पहले सप्ताह में बादल छाने और हल्की बारिश होने के आसार हैं। 2 मार्च से पश्चिम-उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। जिसका असर प्रदेश में भी देखने को मिल सकता है। खासकर 4 मार्च से इंदौर, ग्वालियर, चंबल हिस्से में कहीं-कहीं मौसम बदला हुआ रह सकता है। इससे पहले दिन-रात के तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

फरवरी में मौसम का मिला-जुला असर रहा। शुरुआती दिनों में ही तेज ठंड पड़ी, लेकिन दूसरे सप्ताह से ठंड जैसी गायब सी हो गई। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर समेत कई शहरों में रात का पारा 10 डिग्री से अधिक ही रहा। वहीं, दिन में 34 डिग्री तक पहुंच चुका है। फरवरी के आखिरी दिन शुक्रवार को भी मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा, लेकिन मार्च के पहले सप्ताह में मौसम में फिर से बदलाव देखने को मिल सकता है।

### दो दिन बाद असर

उत्तर-पश्चिमी भारत में सक्रिय होने वाले वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर प्रदेश में 2 दिन बाद यानी, 4 मार्च से देखने को मिल सकता है। इसके अलावा एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम भी एक्टिव है। इस कारण भोपाल समेत कई शहरों में बादल छाए रहे।

### रात के पारे में बढ़ोतरी, 10 डिग्री के पार पहुंचा

प्रदेश में पांच दिन तक तेज ठंड पड़ी। इस वजह से पचमढ़ी समेत कई शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे ही रहा, लेकिन बुधवार-गुरुवार की रात में पारे में फिर से बढ़ोतरी होने लगी। कई शहरों में पारा 2 से 4 डिग्री तक बढ़ गया। पचमढ़ी में 10.2 डिग्री, कल्याणपुर में 10.3 डिग्री, शाजापुर के गिरवर में 11.2 डिग्री, उमरिया में 11.3 डिग्री, अशोकनगर के आंवरी में 11.6 डिग्री और मंडला में पारा 12 डिग्री तक दर्ज किया गया। इधर, गुरुवार को दिन के तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है।

# चिकित्सकीय समुदाय के हितों के संरक्षण के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्धः उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## स्वास्थ्य मानकों में मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाने के लिए कृत-संकल्पित

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने और स्वास्थ्य मानकों में मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाने के लिए कृत-संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश ने ऊर्जा, स्वच्छता, कृषि और सिंचाई जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि चिकित्सा शिक्षकों एवं चिकित्सकों के समर्पित प्रयासों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी यह लक्ष्य हम अवश्य प्राप्त करेंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल से भोपाल स्थित निवास कार्यालय पर चिकित्सा महासंघ के प्रतिनिधियों ने भेंट कर आभार व्यक्त किया।

**चिकित्सकीय समुदाय के हितों के संरक्षण के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित-** उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि चिकित्सकीय समुदाय के हितों के संरक्षण के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उनकी सुविधाओं एवं हितों की रक्षा हेतु आवश्यक प्रावधान किए जा रहे हैं। शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा कार्मिकों की सेवा संबंधी विषयों और अन्य समस्याओं के समाधान के लिये उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति नियमित रूप से बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण और चिकित्सकीय कार्मिकों के हित संरक्षण से संबंधित विषयों पर चर्चा करेगी और आवश्यक सुझाव प्रस्तुत करेगी, जिन पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



**ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने चिकित्सकीय स्टाफ को करें प्रेरित-** उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा कुशल चिकित्सकीय मैनपावर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने चिकित्सा महासंघ के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे सभी चिकित्सा कार्मिकों को स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण के लिए, ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा प्रदाय के लिए प्रेरित करें। चिकित्सा महासंघ के प्रतिनिधियों ने चिकित्सा महाविद्यालयों एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों के शासकीय एवं स्वशासी चिकित्सा शिक्षकों और दंत चिकित्सकों को पुनरीक्षित वेतनमान (सातवें वेतनमान) का वास्तविक लाभ 1 जनवरी 2016 से प्रदान करने तथा एनपीए(नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस) की गणना सातवें वेतनमान के अनुरूप करने के आदेश के लिए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर चिकित्सा महासंघ के मुख्य संयोजक डॉ. राकेश मालवीय, डॉ. गजेंद्र नाथ कौशल, डॉ. रितेश तंवर, डॉ. अशोक ठाकुर, डॉ. महेश कुमार खाचरिया, डॉ. शमिख रज़ा, डॉ. आदित्य सक्सेना, डॉ. राहुल रोकड़े, डॉ. नीरज खरे, डॉ. राजेश टिक्कस, डॉ. अनुराधा चौधरी, डॉ. पुनीत कुमार आचार्य, डॉ. जी. पी. भनारिया, डॉ. विवेक चौकसे सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भोपाल में टिकट चेकिंग, 215 यात्रियों पर 1.21 लाख जुर्माना

**भोपाल।** रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें 28 ट्रेनों के यात्रियों के टिकटों की जांच की गई। बिना टिकट यात्रा करते 110 यात्री पकड़े गए। इनसे 68 हजार 605 रुपए जुर्माना वसूला गया। अनुचित टिकट पर यात्रा कर रहे 105 यात्रियों से 52 हजार रुपए 300 का जुर्माना लिया गया। बिना बुक किए सामान लेकर यात्रा कर रहे और स्टेशन पर गंदगी फैलाने वाले 3 यात्रियों से 450 रुपए वसूले गए। स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्तों की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जांच के बाहर न जा सके। इस कार्रवाई में वाणिज्य विभाग के 2 पर्यवेक्षक और 20 टिकट चेकिंग स्टाफ शामिल रहे। रेलवे को 1 लाख 21 हजार 355 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

# लोकायुक्त पुलिस अफसरों ने समझीं नए कानून की बारीकी

**भोपाल।** भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में विवेचना का स्तर बढ़ाने के मकसद से लोकायुक्त संगठन के डीएसपी और इंस्पेक्टर स्तर के अफसरों के लिए एक दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। ट्रेनिंग में नए कानूनों की बारीकियां बताई गईं। इस दौरान इन्वेस्टिगेशन के तरीकों में हो रहे बदलाव, डिजीटल और साइबर एविडेंस जुटाने के तरीकों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही ट्रेनिंग देने आए कानूनी सलाहकारों ने विवेचना के बाद मामले को अदालत तक पहुंचाने और वहां होने वाले सवालों से रूबरू करवाया। खास बात यह रही कि अफसरों ने एक दिन चलने वाली इस ट्रेनिंग को एक दिन और बढ़ाने की गुजारिश की। ट्रेनिंग का आयोजन डीजी लोकायुक्त जयदीप प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें लोकायुक्त सत्येंद्र सिंह भी शामिल हुए। पद के दुरुपयोग से जुड़ी विवेचना, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य संकलन, आय से अधिक संपत्ति के प्रकरणों, भ्रष्टाचार अधिनियम से जुड़े मामलों और न्यायालयीन प्रक्रिया पर अलग-अलग विषय रखे गए थे। आखिर में डीजी लोकायुक्त ने ट्रेनिंग लेने वाले अफसरों को प्रमाण-पत्र दिए।

# 15 दिन में सभी ब्लॉक में अध्यक्ष के चुनाव होंगे

## 45 साल से अधिक उम्र वाले नहीं बन सकेंगे कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष

**भोपाल।** मप्र कांग्रेस के नए प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के साथ पहली संगठनात्मक बैठक की। उन्होंने जिला और ब्लॉक अध्यक्ष की उम्र को लेकर निर्णय लिया कि अब कांग्रेस ब्लॉक में 45 वर्ष से अधिक उम्र के अध्यक्ष नहीं बनाएगी। वहीं जिला अध्यक्ष की उम्र भी 60 साल तक सीमित रखने की कोशिश करनी है। यह भी तय हुआ कि अगले 15 दिन में सभी 800 ब्लॉक में अध्यक्ष का चुनाव कराना होगा। इसके लिए प्रभारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि वे समयावधि में काम खत्म कर दें। बताया गया कि संगठन में इस बार महिलाओं को भी मुख्य टीम में अवसर देंगे। ओबीसी, सामान्य, एससी और एसटी के बैलेंस को बनाकर ही नए लोगों की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही आगामी चुनावों को ध्यान में रखकर जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई। एक बार फिर गुटबाजी खत्म करके एकजुट होकर काम करने पर बात की गई। बैठक में यह निर्णय भी हुआ कि कांग्रेस कार्यकर्ता को प्रत्येक जिले और ब्लॉक स्तर पर पब्लिक के बीच जाकर उनकी समस्याओं को उठाना है। बैठक में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश सह प्रभारी संजय दत्त, प्रियव्रत सिंह, आदिवासी विक्रांत भूरिया एवं संजय कामले भी मौजूद रहे।

# इंदौर में नगर निगम के निलंबित राजस्व अधिकारी के ठिकानों पर छापा



**इंदौर।** आर्थिक अपराध ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने शुक्रवार को इंदौर नगर निगम के निलंबित राजस्व अधिकारी राजेश परमार के ठिकानों पर दबिश दी। जांच एजेंसी को आय से अधिक संपत्ति की शिकायत मिली थी। राजेश परमार अनियमितता के कारण फिलहाल निलंबित भी चल रहा है। छापे के लिए गुरुवार रात तीन टीम बनाई गई थी। सभी दलों ने एक साथ दबिश दी। बड़ी करवाई बिजलपुर में हुई है। एसपी रामेश्वर यादव के मुताबिक तीन जगह सर्चिंग चल रही है।

# एमपी में 100 करोड़ का निवेश प्रस्ताव, कुक्षी से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक 135 किमी चलेगा क्रूज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में क्रूज प्रोजेक्ट पर 100 करोड़ रुपए का निवेश होगा। अयोध्या क्रूज लाइन्स ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में प्रस्ताव दिया है। ऐसे में 135 किमी लंबे कुक्षी से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी समेत 6 में से किसी एक रूट पर क्रूज पानी की लहरों पर दौड़ने लगेगा। 70 करोड़ रुपए का निवेश वाटर एक्टिविटी पर भी किया जाएगा। खास बात ये है कि क्रूज इलेक्ट्रिक या सोलर से ही चलेंगे। डीजल इंजन वाले क्रूज-मोटर बोट्स पर एमपी में रोक लगी है। जिस कंपनी ने एमपी में क्रूजचलाने का प्रस्ताव दिया है, उसके अभी सरयू नदी पर 2 क्रूज चल रहे हैं। उत्तरप्रदेश के बुलंदशहर जनपद में गंगा नदी के बृज घाट से राम घाट तक 2 क्रूज, हाउस बोट्स और वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी भी करने वाली है। सरयू नदी पर ही जटायू क्रूज सेवा का शुभारंभ 2 साल पहले हुआ था। जिसमें नदी पर ही 2 घंटे की ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की 2 घंटे तक यात्रा भी शामिल हैं। एमपी में नर्मदा नदी पर क्रूज के संचालन से कई धार्मिक शहर जुड़ जाएंगे।



निवेश प्रस्ताव के अनुसार, कुल 6 क्रूज टूरिस्ट प्रोजेक्ट हैं। इनमें कुक्षी से स्टेच्यू ऑफ यूनिटी (135 किमी), सेलानी से धारा (30 किमी), राजघाट बेतवा से देओग? (35 किमी), बरगी टिंडनी (65 किमी), गांधीसागर से संजीत (83 किमी) और तवा से मढ़ई (31 किमी) शामिल हैं। इनमें से चयनित रूट पर 2 क्रूज और हाउस बोट्स चलाने का प्रस्ताव है। इस पर 100 करोड़ रुपए निवेश किए जाने की बात कही गई है।नॉलेज मरीन एंड इंजीनियरिंग वर्क्स लिमिटेड ने वाटर एक्टिविटी पर 70 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव भी दिया है। इनमें वाटर पार्क भी शामिल हैं। यह मुंबई की शिपिंग कंपनी है। ये क्रूजऔर हाउस बोट्स सोलर या इलेक्ट्रिक हो सकता है, क्योंकि भोज वेटलैंड (बड़ा तालाब), नर्मदा समेत प्रदेश के किसी भी वाटर बॉडीज में क्रूजऔर मोटर बोट के संचालन पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने करीब डेढ़ साल पहले रोक लगाई थी। एनजीटी ने डीजल इंजन और मोटर वोट्स से पीने और सिंचाई का पानी प्रदूषित होने की बात कही थी। इसलिए जीआईएस में दिए गए प्रस्ताव में इलेक्ट्रिक और सोलर क्रूज-बोट्स का प्रस्ताव है। भोज वेटलैंड (बड़ा तालाब) में पिछले दो साल से क्रूज और जलपरी नहीं चल रहे हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 12 सितंबर 2023 को रोक लगाने के आदेश दिए थे। तभी से क्रूज और मोटर बोट बंद है। ऐसे में यहां अब पेडल बोट पर ज्यादा फोकस है। वहीं, सोलर बोट लगाने पर भी प्लान बन रहा है।

# मप्र में 4 करोड़ लोगों ने 5 रुपए में भरपेट भोजन किया, 191 रसोई केंद्र संचालित

**भोपाल।** नगरीय एवं आवास विभाग द्वारा व्यावसायिक कार्यों और रोजगार की तलाश में ग्रामीण क्षेत्रों से नगरों में आने वाले गरीब परिवारों को मात्र पांच रुपये में भोजन की थाली द्वारा दीनदयाल रसोई योजना संचालित करने वाली संस्था को प्रति थाली 10 रुपये अनुदान राशि उपलब्ध कराई जा रही है। शहरी क्षेत्र में 25 चलित रसोई केंद्रों के लिए सुसज्जित वाहन विभाग



उपलब्ध कराई जा रही है। मध्य प्रदेश में सात अप्रैल 2017 को दीनदयाल रसोई के नाम से प्रारंभ योजना का तीन चरणों में विस्तार किया गया है। वर्तमान में 124 नगरीय निकायों में 191 रसोई केंद्र संचालित हो रहे हैं। इनमें 166 स्थाई और 25 चलित रसोई केंद्र हैं। योजना में अब तक चार करो से अधिक लोग इसका लाभ उठा चुके हैं। बता दें, विभाग द्वारा नगरीय निकायों को दिए गए हैं। प्रदेश के छह धार्मिक नगरों मैहर, चित्रकूट, ओंकारेश्वर, महेश्वर, ओरछा और अमरकंटक में भी रसोई केंद्र की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के 16 नगर निगमों में 58 स्थायी रसोई केंद्र, 99 नगरपालिका परिषद में 99 स्थायी रसोई केंद्र और नौ नगर परिषदों में नौ स्थायी रसोई केंद्र संचालित हो रहे हैं।

# आज शाम आसमान पर एक साथ दिखाई देंगे शनि, बुध, नेप्च्यून, शुक्र, गुरु, यूरेनस और मंगल

**भोपाल।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आज शाम शहर के खगोल प्रेमियों के लिए खास रहेगी। क्योंकि इस दौरान आकाश में सात ग्रह मौजूद रहेंगे, जिसे सोशल मीडिया पर ग्रहों की परेड कहा जा रहा है। हालांकि, यह परेड सीधी कतार में नहीं होगी, बल्कि ग्रह आकाश में पूर्व से पश्चिम की ओर बिखरे दिखाई देंगे। विज्ञान प्रसारक और नेशनल अवार्ड विजेता सारिका घारू ने बताया कि सूर्यास्त के समय जब पश्चिम दिशा में सूर्य डूबेगा, उसी के साथ शनि (सैटर्न), बुध (मरकरी) और नेप्च्यून भी अस्त होंगे। इनसे ऊपर चमकता हुआ शुक्र (वीनस) नजर आएगा। इसके अलावा, ठीक सिर के ऊपर बृहस्पति (जुपिटर) और यूरेनस मौजूद रहेंगे, जबकि इनके पूर्व में लाल ग्रह मंगल (मार्स) दिखाई देगा। सारिका ने बताया कि सोशल मीडिया पर इसे दुर्लभ घटना के रूप में प्रचारित किया जा रहा है, लेकिन ऐसा नहीं है। यह खगोलीय संयोग हर कुछ वर्षों में बनता रहता है। उदाहरण के लिए जनवरी 2016



और अगस्त 2022 में चार ग्रह दिखे थे। जुलाई 2022 में पांच ग्रह दिखाई दिए थे। अगली ग्रह परेड अगस्त 2025 और अक्टूबर 2028 में होगी, जब चार और पांच ग्रह देखे जा सकेंगे। हालांकि, यह संयोग इस बार शाम के समय बन रहा है, जिससे इसे आसानी से देखा जा सकता है। इसलिए इस खास खगोलीय नजारे का आनंद लें और राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को मनाएं।

### कैसे देख सकेंगे कितने ग्रह

सारिका के अनुसार, मंगल, बृहस्पति और शुक्र को तो बिना किसी उपकरण के आसानी से देखा जा सकता है। लेकिन बुध और शनि सूर्य की रोशनी में छिपे होने के कारण आसानी से नहीं दिखेंगे। वहीं, नेप्च्यून और यूरेनस को सिर्फ शक्तिशाली टेलीस्कोप से ही देखा जा सकता है। इस तरह, आम लोगों को सिर्फ तीन ग्रह ही साफ दिखाई देंगे।